CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शनिवार 21 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 215 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 1 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

### केंद्र सरकार ने एलपीजी संकट पर दी सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव ने अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि देश की सारी रिफाइनरी अपनी पूरी क्षमता में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा है कि घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और हम लगातार उपभोक्ताओं से अपील कर रहे हैं, जहां भी संभव हो वे नेचुरल गैस अपनाने की ओर बढ़ें।

इस संबंध में राज्य सरकारों को भी पत्र लिखे गए हैं। इस दिशा में पहल करने वाले राज्यों को अतिरिक्त 10 फीसदी एलपीजी मुहैया कराने का भरोसा भी दिया गया है। 13700 से अधिक कनेक्शन दिए गए हैं और 7500 से अधिक लोग एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट हुए हैं। ऑनलाइन बुकिंग्स में लगभग 93 फीसदी की बुकिंग ऑनलाइन है। उनकी डिलिवरी की जा रही है। पैनिक बुकिंग कम हुई -**शेष पृष्ठ दो पर**



**देश की सारी रिफाइनरी पूरी क्षमता में काम कर रही हैं, खाड़ी देशों में फंसे भारतीय जहाज और नाविक पूरी तरह सुरक्षित**

### प्रीमियम पेट्रोल दो व औद्योगिक डीजल 22 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा कर दिया है। औद्योगिक उपयोग वाले थोक डीजल की दरें भी करीब 22 रुपये प्रति लीटर बढ़ाई गईं। तेल विपणन कंपनियों ने कीमतों में यह इजाफा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के बाद किया है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## उत्तराखंड में धामी मंत्रिमंडल का विस्तार, पांच विधायक बने मंत्री

एस. आलम अंसारी

**देहरादून।** नवरात्रि के दूसरे दिन उत्तराखंड की धामी सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया। लोक भवन में शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे आयोजित समारोह में नव नियुक्त कैबिनेट मंत्रियों को शपथ ग्रहण कराई गई।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) ने शुक्रवार को लोक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उत्तराखंड सरकार के मंत्रिपरिषद के नवनियुक्त मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने विधायक खजान दास, मदन कौशिक, भरत सिंह चौधरी, प्रदीप बत्रा एवं राम सिंह कैड़ा को मंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्य मंत्री भगत सिंह कोश्यारी, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, श्रीमती रेखा आर्या, गणेश जोशी एवं सौरभ बहुगुणा, सांसद महेन्द्र भट्ट और नरेश बंसल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन -**शेष पृष्ठ दो पर**



**लोक भवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने पांचों विधायकों को दिलाई शपथ**

**विधायक मदन कौशिक, खजान दास, भरत चौधरी, प्रदीप बत्रा और राम सिंह कैडा बने मंत्री**

### धामी कैबिनेट में अब 12 मंत्री

साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत 9 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली थी। ऐसे में सरकार के गठन के साथ ही तीन मंत्रिमंडल के पद खाली चल रहे थे। लेकिन कुछ समय बाद ही 26 अप्रैल 2023 को समाज कल्याण और परिवहन मंत्री चंदन रामदास के निधन के बाद एक और मंत्रिमंडल का पद खाली हो गया। इसके साथ ही 16 मार्च 2025 में वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की ओर से दिए गए विवादित बयान के बाद उन्हें भी अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। ऐसे में धामी मंत्रिमंडल में पांच मंत्री के पद खाली चल रहे थे। शुक्रवार को धामी मंत्रिमंडल में पांच नए मंत्री शामिल होने से अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित 12 मंत्री हो गए हैं।

### मुबारकबाद



ईद-उल-फितर के मौके पर सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

ईद-उल-फितर के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 23 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी नौकरानी नहीं, लाइफ पार्टनर है: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तलाक से जुड़े मामले की सुनवाई में कहा कि 'पत्नी का खाना न बनाना या घरेलू कामकाज ठीक से न करना क्रूरता नहीं माना जा सकता।' जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने कहा कि अब समय बदल चुका है और पति को भी घर के कामों में बराबर की जिम्मेदारी निभानी होगी। जस्टिस मेहता ने कहा कि आप नौकरानी से शादी नहीं कर रहे, बल्कि जीवनसाथी से कर रहे हैं। जस्टिस नाथ ने कहा कि आज के समय में पति को भी खाना बनाना और घर के काम करना चाहिए। बेंच ने इस केस में अंतिम फैसला नहीं सुनाया है। मामले की अगली तारीख पर पति-पत्नी को सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। पहले भी इस केस को मेडिएशन में भेजा गया था, लेकिन समझौता नहीं हो सका। वहीं, मामले में फैमिली कोर्ट ने पति के पक्ष में फैसला दिया था। हाईकोर्ट ने फैसला रद्द किया। बाद में पति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। दरअसल, इस मामले में पति ने क्रूरता के आधार पर तलाक की मांग की थी।

### यूपी, बिहार समेत 12 राज्यों में बारिश

**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों में मौसम बदला हुआ है। मार्च के महीने में जहां पहाड़ी इलाकों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में भारी बर्फबारी हो रही है। वहीं मैदानी इलाकों राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी और बिहार में तेज बारिश के साथ-साथ ओले गिर रहे हैं। मौसम में बदलाव की वजह वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का बदला हुआ आकार है। आमतौर पर यह सिस्टम कर्व्ड (मुड़ा हुआ) होता है। इस बार यह सीधी लाइन में है। यह रेन बैंड 1000 किमी लंबा है। अफगानिस्तान से पाकिस्तान और इंडिया तक इसका असर है। दरअसल वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पश्चिम से आने वाला बादलों का एक सिस्टम होता है। जो सर्दियों में उत्तर भारत में बारिश और बर्फबारी कराता है। क्लाइमेट साइंटिस्ट डा. प्रदीप के अनुसार, मौजूद वेस्टर्न डिस्टर्बेंस अपनी बनावट के कारण बेहद दुर्लभ है। जिससे शक्तिशाली आंधी-तूफान और गरज वाले बादल पैदा करने की क्षमता है।

### ताहिर हुसैन को मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** 2020 के उत्तर- पूर्वी दिल्ली दंगों के आरोपी पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को कोर्ट ने मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत दी है। उन्होंने इनगुइनल हर्निया के इलाज के लिए स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जमानत की मांग की थी। कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली सरकार को उनकी सर्जरी 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## अमेरिकी F-35 विमान पर इतिहास में पहला हमला: ईरान

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान की आईआरजीसी ने गुरुवार को सुबह 2:50 बजे मध्य ईरान के हवाई क्षेत्र में एक अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान को निशाना बनाने का दावा किया।

आईआरजीसी के अनुसार, विमान के क्रैश होने की बहुत ज्यादा संभावना है। दूसरी तरफ, सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने बताया कि ईरानी मिसाइलों के हमले के बाद एक एफ-35 विमान को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स ने पुष्टि की कि विमान ईरान के ऊपर एक मिशन पर था। उन्होंने बताया कि विमान सुरक्षित उतर गया है और पायलट की हालत स्थिर है। फिलहाल इस घटना की जांच चल रही है। बता दें कि एफ-35 दुनिया के सबसे महंगे विमानों में से एक है और इसकी कीमत 100 मिलियन डॉलर से भी ज्यादा है। अगर ईरान का यह दावा पूरी तरह सच साबित होता है, तो यह इस युद्ध की सबसे बड़ी सैन्य उपलब्धि होगी। ब्लूमबर्ग और सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के साथ युद्ध में अमेरिका को भारी नुकसान हुआ है। पहली बार किसी देश ने एफ-35 लाइटनिंग 2 विमान पर हमला किया।

**IRGC का दावा: विमान के क्रैश होने की बहुत ज्यादा संभावना, यूएस ने की आपात लैंडिंग की पुष्टि**

### इजरायली हमले में आईआरजीसी प्रवक्ता और खुफिया मंत्री की मौत

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुख्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी एक भीषण हमले में मारे गए हैं। दावा किया जा रहा है कि यह हमला अमेरिका और इजरायल की ओर से संयुक्त रूप से किया गया था। इस बात की पुष्टि ईरान के सरकारी मीडिया ने की है। इतना ही नहीं, अभी ईरान इस झटके से उबर भी नहीं पाया था कि देश के खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब की भी एक हमले में मौत हो गई।
















# ईद उल फितर की सभी को मुबारकबाद

## गौवंश वध मामले में गौशाला का चौकीदार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पुलिस ने गौवंश वध मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान ग्राम तुराबनगर निवासी दयाराम पुत्र कलवा सिंह के रूप में हुई है, जो स्थानीय गौशाला में चौकीदार के पद पर कार्यरत था। उस पर गौवंश निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं।

गौरतलब है कि यह मामला 19 मार्च को सामने आया, जब उप-निरीक्षक राकेश मोहन को ग्राम गावड़ी पनियाला के जंगल से दो गौवंशीय पशुओं के अवशेष बरामद हुए। इस घटना के संबंध में थाना नहटौर में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा (मु.अ.स. 82/2026) दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर गौशाला के चौकीदार दयाराम का नाम इस मामले में सामने आया। इसके बाद भारतीय न्याय संहिता (बीएनसस) की धारा 61(2) और पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 को भी मुकदमे में जोड़ा गया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त दयाराम ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि दो दिन पहले कुछ व्यक्तियों ने उससे संपर्क किया था और गौवंशीय पशुओं का वध कर उनका मांस बेचने के बदले उसे भारी मुनाफा देने का लालच दिया था। दयाराम ने स्वीकार किया कि वह पैसों के लालच में आकर इस कृत्य में शामिल हो गया। पुलिस के अनुसार, दयाराम की निशानदेही पर इस घटना में शामिल अन्य सह-अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है और विभिन्न स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

### पैसों के लालच में गौवंश कटान में शामिल हुआ

इस कार्रवाई में उप-निरीक्षक दीपक कुमार, उप-निरीक्षक राकेश मोहन, कांस्टेबल सचिन चौधरी (227) और कांस्टेबल गौरव निर्वाल (112) की टीम शामिल थी। थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का चालान कर दिया गया है।

## बारिश से मौसम का मिजाज बदला

**धामपुर।** अलविदा जुमे के दिन अचानक हुई बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप से जहां आमजन बेहाल थे, वहीं इस बारिश ने लोगों को काफी हद तक राहत पहुंचाई है। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और वातावरण में ठंडक महसूस की गई। बारिश के चलते लोगों को अचानक बदले मौसम का असर महसूस हुआ, जिससे कई लोगों को फिर से हल्के गर्म कपड़े निकालने पड़े। बाजारों और सड़कों पर भी मौसम में आए इस बदलाव का असर साफ देखने को मिला, जहां लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि, इस बारिश का दूसरा पहलू किसानों के लिए चिंता का कारण बन गया है। इस समय खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी है और ऐसे में बारिश होने से फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है।

## कुट्टू का आटा खाने से दर्जनों बीमार, अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** क्षेत्र में कुट्टू का आटा खाने से हालत बिगड़े वाले मरीजों की संख्या बढ़ने पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव सिंह ने बाजार का निरीक्षण किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर नगर के बाजारों में उस समय हड़कंप मच गया, जब मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव सिंह टीम के साथ बाजारों में निरीक्षण करने पहुंचे।

गौरतलब है कि बीती रात से मंडावली, नजीबाबाद, आदर्श नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में कुट्टू के आटे से बना खाना खाकर बीमार पड़ रहे मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य खाद सुरक्षा अधिकारी संजीव सिंह टीम के साथ नजीबाबाद पहुंचे और अस्पतालों में बढ़ते हुए मरीज का हाल-चाल पूछा और आवश्यक जानकारी ली। मरीजों के द्वारा बताया गया कि कुट्टू के आटे से बना भोजन खाकर उनकी हालत बिगड़ गई है। आरोपी दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग मरीजों के द्वारा की गई। मुख्य खाद सुरक्षा अधिकारी द्वारा चिन्हित दुकानदारों की दुकान पर पहुंच कर कुट्टू के आटे एवं अन्य खाद सामग्री के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए गए। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

संजीव सिंह ने जनता से अपील कर कहा कुट्टू का खुला आटा ना खरीदे। जो भी खाने का सामान आप खरीद रहे हैं, उसे सही से देख ले वह साफ-सुथरा भी है या नहीं। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा पहले से ही दुकानदारों को अवगत करा दिया गया था खुला कुट्टू के आटे की बिक्री न करें। पीड़ित व्यक्तियों से पूछ कर कुट्टू का आटा बेचने वाले दुकानदारों को चिन्हित किया जा रहा है और जांच के बाद ऐसे व्यापारियों के खिलाफ दनदनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से किराना व्यापारियों में हड़कंप मच गया। कुछ व्यापारियों के द्वारा तो कुट्टू आटा दुकान से हटा दिया गया। नगर के पूजा हॉस्पिटल, संसार हॉस्पिटल, लाइफ लाइन हॉस्पिटल और साम.दायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर पर काफी संख्या में मरीज इलाज करा रहे हैं। कुछ मरीजों की हालत ठीक होने पर वे घर जा चुके हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अंकित चौधरी ने मंडावली ओम चौधरी हॉस्पिटल, लाइफ लाइन हॉस्पिटल, पूजा हॉस्पिटल, संसार अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हाल-चाल पूछा।

डा.अंकित चौधरी ने बताया कि पूजा हॉस्पिटल में यशोदा (71 वर्ष), आदर्श नगर निवासी सम्राट पाल (21 वर्ष), बबीता (45 वर्ष), गुंजन पाल (20 वर्ष), मौहल्ला मकबरा निवासी तानिया (30 वर्ष), कमल (28 वर्ष) उपासना (27 वर्ष), अशोक कुमार (62 वर्ष), रितिक (21 वर्ष), जयपाल सिंह (57 वर्ष), सरोज पाल (55 वर्ष), पुष्पा देवी (40 वर्ष) ग्राम खैरुल्लापुर, स्वाती (28 वर्ष), अजय कुमार (35 वर्ष), पुरुषोत्तमपुर निवासी रीता (37 वर्ष), निशांत (18 वर्ष), कार्तिक (13 वर्ष), महावीर (40 वर्ष) साहनपुर निवासी, इसी के साथ-साथ थाना मंडावली क्षेत्र के ओम हॉस्पिटल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर, संसार हॉस्पिटल में भी बड़ी संख्या में मरीज है। जिनका इलाज चल रहा है।

## एक नजर

### नामित सभासदों को दिलाई शपथ



**बढ़ापुर।** शासन द्वारा नामित तीनों सभासदों को नगर पंचायत अध्यक्ष डा. दिलशाद अंसारी द्वारा शपथ दिलाई गई। शासन द्वारा नामित किए गए सभासद अजयराज सिंह, वीरेंद्र सैनी व राहुल पाल को नगर पंचायत के बारात घर में आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष डा.दिलशाद अंसारी द्वारा शपथ दिलाई गई है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ने नामित सभासदों से नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य की योजनाओं में सहयोग करने की अपील की है। इस मौके पर ईओ रविशंकर शुक्ला, संजीव कश्यप उर्फ बंटी, पूर्व चेयरमैन शरफ़त हुसैन, सभासद श्याम सिंह एड., सभासद राहुल कश्यप, शिवम खटीक, सोहित गुप्ता, वीरेंद्र सैनी, प्रभात अग्रवाल, राजीव कुमार, जयदेव सिंह, अंजुम परवीन, सुभाष अग्रवाल, नीलम सैनी, राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्वक सम्पन्न

**चांदपुर।** नगर में अलविदा जुमे के दिन सभी मस्जिदों में मुस्लिमों ने अपने उलेमाओं की सर परस्ती में अलविदा जुमे की नमाज अदा की। इस दौरान नमाज ए जौहर पश्चात उलेमाओं देश और दुनिया में अमनो अमान और खुशहाली की दुआएं कराई। नगर की जामा मस्जिद में मस्जिद इमाम ने देश और दुनिया में अमन दुआएं कराई गई। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। सीओ एवं कोतवाली प्रभारी पैदल गश्त पर रहे। उधर सुबह से ही खराब मौसम और बारिश के कारण बाजारों में देर शाम तक सन्नाटे पसरे रहे। लेकिन बारिश रुकने के बाद बाजार में भीड़ बढ़ गई। इस दौरान मंडी कोटला, ढली बाजार, जामा मस्जिद मीना बाजार सहित नगर के सभी बाजार भीड़ से लबरेज नजर आए। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन भी मुस्तेद रहा। ईद की तैयारी में जुटे मुसलमानों ने अपनेघर और बच्चों आदि के लिए सामान की जमकर खरीदारी मे लगे दिखाई दिए। उधर चांदपुर ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज सुबह आठ बजे अदा की जाएगी। कमेटी की ओर से सभी से ईदगाह में नमाज अदा करने के लिए वक्त से पहले पहुंचने की अपील की गई है ताकि ईद उल फ़ितर की नमाज सही वक्त पर अदा की जा सके। यह जानकारी शहर इमाम मुफ्ती मौहम्मद आमिर ने दी है।

### अकीदत के साथ अदा हुई जुमे की नमाज

**स्योहारा।** मुकद्दस रमजान के अलविदा जुमे के मौके पर नगर में अकीदत और एहतराम के साथ नमाज़ अदा की गई। इस खास दिन का इस्लाम में विशेष महत्व है। अलविदा जुमे के मौके पर अल्लाह की रहमत भी देखने को मिली। नमाज़ के दौरान हल्की-हल्की बारिश होने लगी। जिससे मौसम बेहद खुशनुमा हो गया। रोजेदारों ने इसे अल्लाह की खास नेमत मानते हुए शुक्र अदा किया। बारिश और ठंडी हवाओं के बीच नमाज अदा करने का माहौल और भी रूहानी हो गया। नमाज के दौरान हजारों रोजेदारों और नमाज़ियों ने पूरे एहतराम के साथ इबादत की और अल्लाह के सामने सजदा करते हुए मुल्क में अमन-चैन, तरक्की, भाईचारा और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। नमाज के बाद हजारों हाथ दुआ के लिए उठे और देश-दुनिया में शांति व इंसानियत कायम रहने की कामना की गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र की मस्जिदों के आसपास फ्लैग मार्च किया गया, ताकि शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे। मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर भी पुलिस बल तैनात रहा। वहीं अलविदा जुम्मे के मौके पर नगर के बाजारों में भी खास रौनक देखने को मिली। ईद-उल-फितर की तैयारियों को लेकर लोग बड़ी संख्या में खरीदारी करने पहुंचे। कपड़े, जूते, इत्र, सेवइयों और अन्य सामान की दुकानों पर दिनभर भीड़ लगी रही और देर शाम तक बाजारों में चहल-पहल बनी रही। गणमान्य लोगों और धर्मगुरुओं ने भाईचारा, सौहार्द और शांति बनाए रखने का संदेश दिया।


ईद उल फितर की सभी को
दिली मुबारकबाद



मौहम्मद अजमईन
ग्राम प्रधान व किसान नेता
ग्राम चिड़िया चांडक, किरतपुर



ईद उल फितर की सभी को
दिली मुबारकबाद



शेख मसरूर अहमद
पूर्व सभासद व किसान नेता
किरतपुर, जनपद-बिजनौर


## जुमे की नमाज के बाद खुशहाली की दुआ

**शेरकोट।** अलविदा जुमे पर मस्जिद में नमाजियों का सैलाब उमड़ पड़ा। नमाज के बाद अल्लाह की बारगाह में हाथ उठा कर मुल्क में अमनो-अमान और तरक्की की दुआ की गई। रमजान माह के अलविदा जुम्मे व आखिरी रोजे के मौके पर मस्जिदों में नमाजियों का सैलाब उमड़ आया और शहर व ग्रामों की सभी मस्जिदों में अन्य दिनों के मुकाबले आज पैर रखने तक की जगह नहीं बची। वहीं हर मस्जिद में अलविदा जुम्मे की नमाज के बाद मुल्क में अमनो-अमान व तरक्की खुशहाली की दुआ की गई। नगर की जामा मस्जिद में शहर इमाम मुफ्ती अमान उर्रब मजाहिरी ने अलविदा जुम्मे को खिताब करते हुए कहा कि अल्लाह तालाह को रोजेदार और इबादतगुजार शख्स बेहद पसंद है। जो लोग अल्लाह के रास्ते में दिल खोल कर खर्च करते हैं, उसका हिसाब अल्लाह उन्हें जन्नत में देता है। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने आप को जो दौलत, जायदाद दी है, उसके बदले में तुम अपने से छोटे और गरीब लोगों की मदद करो। अपनी जान माल का सदका उन्हें दो। उनकी मदद करो। अल्लाह के यहां सब बराबर है। वहां आपके अमल को देखा जाएगा। वहीं अली मस्जिद में मौलाना अब्दुला ने नमाज अदा कराई। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में शहर इंचार्ज एसआई मोहित कुमार, कांस्टेबल प्रदीप यादव सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत बालिकाओं व महिलाओं को किया जागरूक

**शेरकोट।** मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में बालिकाओं व महिलाओं को जागरुक कर शासन जारी हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी दी गई। मौहल्ला नौधना में महिलाओं और बालिकाओं को महिला उपनिरीक्षक मोहित कुमार व महिला आरक्षी रीनू द्वारा सभी महिलाओं को महिला हेल्प लाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने, सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने, अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया। महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरुक किया तथा एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया एवं उनकी समस्याएं पूछी गई।


सभी देशवासियों को दिल की गहराइयों से ईद उल फितर की
दिली मुबारकबाद


आलिशा हुसैन सिद्दीकी
वरिष्ठ भाजपा नेत्री
जिला कार्यकारिणी सदस्य
राजा का ताजपुर
जिला बिजनौर











## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड में...**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने किया। लोक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सबसे पहले देहरादून की राजपुर रोड विधानसभा से विधायक खजान दास ने शपथ ग्रहण की। उनके बाद रुद्रप्रयाग के विधायक भरत सिंह चौधरी, हरिद्वार शहर से विधायक मदन कौशिक, रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा व भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने शपथ ग्रहण की। ताजपोशी के लिए नए चेहरों का चयन विधायकों के पिछले चार साल के कामक.ाज का रिकॉर्ड देखकर किया गया है। नई कैबिनेट में क्षेत्रीय व जातीय समीकरण के बीच संतुलन बनाया गया है।ऐसे में अब धामी मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। उत्तराखंड राज्य में साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले धामी मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। मंत्रिमंडल का विस्तार आगामी विधानसभा चुनाव के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल विस्तार के जरिये क्षेत्रीय, जातीय और महिला- युवा संतुलन साधने की कोशिश की है। उल्लेखनीय है कि साल 2022 में सरकार के गठन के बाद से ही मंत्रिमंडल के कई पद खाली चल रहे थे, जिसके बाद से ही समय समय पर मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा चलती रही है। ऐसे में वर्तमान सरकार के कार्यकाल को चार साल पूरा होने से ठीक तीन दिन पहले मंत्रिमंडल का विस्तार कर दिया गया है। शुक्रवार को धामी मंत्रिमंडल में पांच नए मंत्री शामिल होने से अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित 12 मंत्री हो गए हैं।

**घरेलू एलपीजी..**

है। गुरुवार को 55 लाख बुकिंग हुई है। सभी राज्यों के पास सप्लाई उपलब्ध है। पिछले एक हफ्ते में 11300 टन कमर्शियल एलपीपी उपभोक्ताओं को दी गई है। इस सप्लाई का 50 प्रतिशत शिक्षण संस्थाओं और अस्पतालों को मिला है। लगभग 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम सेटअप किए गए हैं। जिला निगरानी समिति भी काम कर रहे हैं। पिछले 24 घंटों में लगभग 4500 जगहों पर छापेमारी की गई है। उत्तर प्रदेश में करीब 1100 जगहों पर छापेमारी की गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने भी 1800 जगहों पर सरप्राइस इंस्पेक्शन किया है। एलपीजी के बारे में यही कहना है कि स्थिति अब भी चिंताजनक है, लेकिन उपभोक्ता अफवाहों पर ध्यान न दें और वैकल्पिक ईंधन का अधिक से अधिक उपयोग करने की कोशिश करें। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि एलपीजी के उत्पादन में लगभग 40 फीसदी तक का इजाफा किया गया है। पोत परिवहन व जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पिछले 24 घंटे में समुद्र से कोई अप्रिय घटना नहीं है। डीजी शिपिंग की लगातार मॉनिटरिंग लगातार जारी है। खाड़ी क्षेत्र में फंसे हमारे सभी 22 जहाज और 6 से अधिक नाविकों में सभी सुरक्षित है। पिछले 24 घंटों में हमारी हेल्पलाइन पर करीब सवा सौ कॉल और 200 से अधिक ईमेल आए। पिछले 24 घंटों के दौरान 25 भारतीयों को अभियान चलाकर भारत वापस लाया गया। देश के किसी भी पोर्ट पर कहीं कोई कंजेशन की स्थिति नहीं है। न्यू मंगलोर पोर्ट ने क्रूड और एलपीजी के कार्गो से जुड़े चार्ज के वेवर के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। ये 14 मार्च से 31 मार्च तक वैध है। प्रेस वार्ता के दोरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गुरुवार को दुनिया के पांच नेताओं से बात की।

## गंगा में बिरयानी पार्टी करने वाले 14 युवकों की जमानत अर्जी खारिज

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में गंगा नदी में नाव पर इफ्तार पार्टी के दौरान बिरयानी खाकर उसके अवशेष नदी में फेंकने के मामले में 14 आरोपियों को गुरुवार देर शाम कड़ी सुरक्षा के बीच अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) नवम अमित यादव की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई की और उसे खारिज कर दिया। सभी 14 आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। अभियोजन पक्ष तथा वादी पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों पर अदालत ने आरो.पियों का आपराधिक इतिहास संबंधित थाने से तलब किया है। अगली सुनवाई के लिए 23 मार्च की तिथि नियत की गई है। अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने बताया कि अदालत ने सभी आरोपियों के आपराधिक इतिहास को मंगवाया है। आरोपियों ने न केवल मां गंगा को अपवित्र करने का कार्य किया, बल्कि नाविक भाइयों को जबरदस्ती धमकाकर साथ ले गए। मना करने पर वे नहीं माने और जान से मारने की धमकी देकर नाव पर कब्जा कर लिया। अब अदालत में रो रहे हैं और पश्चाताप जता रहे हैं, लेकिन इससे क्या फर्क पड़ता है।

## ब्रज की धरा पर राष्ट्रपति मुर्मू भक्ति रस से हुईं सराबोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** कान्हा नगरी मथुरा में अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भक्ति रस में सराबोर नजर आईं। वृंदावन पहुंचीं श्रीमती मुर्मू ने प्रख्यात संतों से भेंट कर आशीर्वाद लिया, वहीं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजामों के बीच राष्ट्रपति का यह दौरा ब्रज की सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को सम्मान देने वाला रहा। राष्ट्रपति मुर्मू सबसे पहले प्रख्यात संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचीं। वहां उन्होंने महाराज श्री से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की।



### स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी योजना का उद्घाटन किया

संत महाराज ने राष्ट्रपति को ब्रज की अनूठी भक्ति परंपरा, यमुना संरक्षण की आवश्यकता और समाज सेवा के प्रकल्पों के बारे में विस्तार से जानक.ारी दी। राष्ट्रपति ने संतों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आध्यात्मिक गुरु समाज को सकारात्मक दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ईद उल फितर की सभी को मुबारकबाद

## कुरआन मुकम्मल जाब्ता ए हयात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** माह-ए-रमजान के मुकद्दस और बरकत भरे दिनों में शहर की कदीम इबादतगाह मस्जिद आयशा रजि. में नमाज़-ए-तरावीह के दौरान कुरआन करीम की तकमील पर एक रूहानी और ईमान अफरोज महफिल का आयोजन किया गया।

इस मौके पर बड़ी तादाद में नमाजी, उलमा-ए-कराम और नौजवानों ने शिरकत कर कुरआन पाक की तकमील पर खुशी और शुक्र का इजहार किया। तरावीह के दौरान कुरआन करीम को खुश इल्हानी और तजवीद के साथ मुकम्मल किया गया। जिससे पूरी महफिल पर रूहानी कैफियत तारी रही। जैसे ही तकमील-ए-कुरआन का ऐलान हुआ, मस्जिद अल्लाहु अकबर और दरूद-ओ- सलाम की सदाओं से गूंज उठी और कई नमाजियों की आंखें नम नजर आई। मौलाना शाह शफीक अहमद कासमी ने कुरआन-करीम की अहमियत और इंसानी जिंदगी में उसकी हिदायत पर रोशनी डालते हुए कहा कि कुरआन एक मुकम्मल जाब्ता-ए-हयात है, जो इंसान को दुनिया और आखिरत दोनों में कामयाबी का रास्ता दिखाता है। उन्होंने खास तौर पर नौजवानों को मुखातिब करते हुए कुरआन से जुड़ने और इस्लामी उसूलों पर चलने की नसीहत की। महफिल में मौलाना असद रहीमी, मौलाना शमशीर अहमद, मौलाना मौहम्मद साजिद, कारी जमशेद आलम, कारी जिया उर रहमान, हाजी शरीफ अहमद, हाजी खलील अहमद, शमीम अहमद, मुफ्ती अकील अहमद और मौलाना मौहम्मद अय्यूब कासमी समेत कई अहम शख्सियात मौजूद रहीं। आखिर में मुल्क की सलामती, कौम की तरक्की, उम्मत-ए-मुस्लिम के इत्ते. हाद और आलम-ए-इंसानियत में अमन-ओ-सुकून के लिए खुसूसी दुआएं कराई गई। मरहूमीन की मगफिरत और बीमारों की सेहतयाबी के लिए भी दुआएं मांगी गई।







ईद उल फितर की अवाम व सपा कार्यकर्ताओं को

मुबारकबाद

कुंवरानी रूचि वीरा

सपा सांसद- मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र



## अफरहीम ने रखा जिंदगी का पहला रोजा



**रेहड़।** स्थानीय मौहल्ला पटवारियान निवासी युवा पत्रकार फिरोज बेग के छह वर्षीय मासूम पुत्र अफरहीम बेग ने अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखा। जिसे लेकर परिवार वालों ने बेहद खुशी का इजहार करते हुए उसे दुआएं दी। दोपहर बाद से भूख प्यास से निढाल नजर आए अफरहीम ने आखिर हिम्मत नहीं तोड़ी, जिसे देख परिजन रोजा इफ्तार से पहले तक काफी फिक्रमंद भी रहे और उस पर बराबर नजर रखते रहे। आखिरकार अफरहीम ने अपनी जिंदगी का रखा पहला रोजा मुकम्मल किया।

## मंडावर में नासिर कुरैशी गिरफ्तार

**बिजनौर।** मंडावर पुलिस ने थाना नांगल अंतर्गत ग्राम कामराजपुर निवासी नासिर अहमद उर्फ नासिर कुरैशी पुत्र सगीर अहमद को गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी गौवध अधिनियम एवं पशु क्रुरता अधिनियम में की गई है। इससे पहले पुलिस ने बिजनौर के बख्शीवाला निवासी वसीम कुरैशी उर्फ बबलू पुत्र नसीम कुरैशी एवं किरतपुर के ग्राम गंगावाला निवासी राजकुमार पुत्र लाखन को इसी मामले में गिरफ्तार किया था।

ईद उल फितर की अवाम को



हार्दिक बधाई



तालिब ठेकेदार

युवा समाजसेवी, नहटौर


ईद उल फितर की तमाम रोजेदारों, हमदर्दों व समर्थकों को

दिली मुबारकबाद

सुबहान रबिउद्दीन

डायरेक्टर-साथी फाउंडेशन

मौहल्ला मिल्कियान, स्योहारा






ईद उल फितर व नवरात्र की मुबारकबाद

फिरोज बेग

ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी

ग्राम पंचायत रेहड़



ईद उल फितर व नवरात्र की बधाई

कपिल कुमार

जिला पंचायत सदस्य

पूर्व प्रत्याशी-19

बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र

समाजवादी पार्टी



ईद उल फितर की अवाम व हमदर्दों को



मुबारकबाद



जावेद विकार

वरिष्ठ समाजसेवी

तबस्सुम जावेद

चेयरपर्सन

नगर पालिका परिषद, अफजलगढ़




ईद उल फितर की तमाम अवाम, रोजेदारों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं को

मुबारकबाद

हाजी अफजल कुरैशी

जिला अध्यक्ष - कांग्रेस सेवा दल

निवास:-चांदपुर, जनपद बिजनौर



ईद उल फितर की तमाम रोजेदारों, हमदर्दों व समर्थकों को

मुबारकबाद

डॉक्टर शकील हाशमी

पूर्व प्रत्याशी बहुजन समाज पार्टी

चांदपुर विधानसभा क्षेत्र





ईद उल फितर की हरदिल अजीज अवाम, धामपुर नगर पालिका के सम्मानित मतदाताओं, समाजवादी पार्टी के बहादुर कार्यकर्ताओं व तमाम हमदर्दों को



मुबारकबाद व बधाई

नाजिम कुरैशी

वरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी, धामपुर

# ईद उल फितर की सभी को मुबारकबाद

## बेमौसम बारिश से लौटी ठिठुरन, लोगों ने फिर निकाले गर्म कपड़े

**नहटौर।** बुधवार/गुरुवार की रात से रुक-रुक कर हो रही बारिश और ठंडी हवाओं ने अचानक मौसम का मिजाज बदल दिया है। मार्च के महीने में जहां लोग गर्मी की आहट महसूस कर रहे थे, वहीं इस बारिश ने एक बार फिर ठंड का अहसास करा दिया है। आलम यह है कि बक्सों में रखे जा चुके स्वेटर, जैकेट और कंबल फिर से बाहर निकल आए हैं। तेज हवाओं और बूंदाबांदी के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। सुबह और शाम के वक्त ठिठुरन बढ़ गई है। सड़कों पर लोग रेनकोट और ऊनी कपड़ों में नजर आ रहे हैं। अचानक हुए इस बदलाव से मौसमी बीमारियों सर्दी-जुकाम का खतरा भी बढ़ गया है। किसानों के लिए यह बारिश कहीं खुशी तो कहीं गम बनकर आई है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार जिन क्षेत्रों में गेहूं की बुवाई देरी से हुई थी और दाने अभी दूधिया अवस्था में हैं, उनके लिए यह बारिश और गिरा हुआ तापमान फायदेमंद है। इससे दाना पुष्ट होगा और पैदावार बढ़ सकती है। गन्ने की नई बुवाई और पशुओं के चारे के लिए यह नमी संजीवनी का काम करेगी। वहीं जिन किसानों की गेहूं या सरसों की फसल पक कर तैयार है, उनके लिए यह बारिश किसी आपदा से कम नहीं है।

### आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड के यहां श्रीमती शाहीन पत्नी रईस अहमद निवासी मौ. कलालान, कस्बा नगीना, जिला बिजनौर ने अपने भवन सं. 83 निर्मित 97.86 वर्ग मी. के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है। इस सम्पत्ति का पूर्व में हुआ बैनामा बही सं. 1 जिल्द सं. 627 पृष्ठ 107 से 108 क्रमांक 2340 दिनांक 23.09.1981 जिसे मौ. यूनुस हुसैन पुत्र मौ. इम्तियाज हुसैन ने श्रीमती श्यामो पत्नी रामपाल सिंह को बेचा था, खो गया है। यदि किसी व्यक्ति, उत्तराधिकारी, बैंक या वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निम्न पते तथा सम्पर्क सूत्र पर 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

### आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड के यहां श्री योगेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र रक्षपाल वर्मा निवासी ग्राम गुलड़िया, तहसील एवं जिला अमरोहा ने एक प्लाट 49.17 वर्ग मी. स्थित खसरा नं. 3444 ग्राम अमरोहा खास तहसील व जिला अमरोहा के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है। जिसे वह कुन्दन सिंह पुत्र हरनाम सिंह निवासी मौहल्ला बदावाला, अमरोहा, तहसील एवं जिला अमरोहा से खरीद रहा है। यदि किसी व्यक्ति, उत्तराधिकारी, बैंक या अन्य किसी को आपत्ति हो, तो 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति निम्न पते व सम्पर्क सूत्र पर दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

ईद उल फितर की सभी को
दिली मुबारकबाद



शेख मौहम्मद आलम
मंडल अध्यक्ष-भाजपा
अल्पसंख्यक मोर्चा, नहटौर

ईद उल फितर व चैत्र नवरात्र की सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं



आलमगीर उस्मानी
प्रदेश अध्यक्ष ( यू.पी.अ.मो. )
अन्नदाता किसान यूनियन
निवास- नगीना, जिला बिजनौर

ईद उल फितर की सभी को
दिली मुबारकबाद



सलीम मंसूरी
सभासद पुत्र
नगर पालिका परिषद, नहटौर

ईद उल फितर की सभी को
दिली मुबारकबाद



शाइस्ता- सभासद
पत्नी मा. शराफत
नगर पालिका पषिद, नहटौर

ईद उल फितर की सभी को
दिली मुबारकबाद



नजमुल हसन उर्फ शब्बू
ठेकेदार ( सभासद )
नगर पालिका परिषद, नहटौर

ईद उल फितर की सभी को
दिली मुबारकबाद



एड. सय्यद उस्मान जैदी
सभासद-वार्ड नंबर 22
निवासी:- मौहल्ला अकाबरान, नगीना

## हल्दौर में ईद की नमाज सुबह 8:30 बजे

**हल्दौर।** नगर सहित देश भर में ईद उल फितर का त्यौहार आपसी भाईचारे और खुशियों के साथ शनिवार को मनाया जाएगा। इमाम ए ईदगाह मुफ्ती मौहम्मद अब्दुल्लाह जामिई ने बताया कि हल्दौर नगर की ईदगाह पर ईद उल फितर की नमाज सुबह ठीक 8:30 बजे अदा की जाएगी। जबकि मदीना जामा मस्जिद हल्दौर में ईद की नमाज सुबह 9:15 बजे होगी। उन्होंने सभी नमाजियों से समय से पहले ईदगाह पर पहुंचने की गुजारिश करते हुए कहा कि ईद उल फितर का त्यौहार आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं।

IS15700:2018

**कार्यालय सम्पत्ति प्रबंधक**
(मुरादाबाद/चन्दौसी/अमरोहा / बिजनौर)
**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-6,
मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, **मुरादाबाद।**
ईमेल: emombd@upavp.com

सेवोत्तम प्रमाणित

**सर्वसाधारण की सूचना**

मान्यवर कांशीराम नगर आवासीय योजना के अन्तर्गत परिषद की मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में स्थित दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या 12/132 प्रदेशन पत्र पत्रांक 3369 दिनांक 25.10.2008 द्वारा श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री चन्द्रबल सिंह के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी ने दिनांक 29.07.2009 को इस कार्यालय से किराया-किश्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 02.09.2009 को उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में पंजीकृत कराया है, जो उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में बही सं. 1 जिल्द सं. 6989 के पृष्ठ सं० 127 से 144 तक क्रमांक 11623 दिनांक 02.09.2009 को रजिस्ट्रीकृत है। तदोपरान्त दिनांक 14.09. 2009 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया।

आवेदक श्रीमती विनीता पत्नी स्व. श्री देवेन्द्र सिंह के द्वारा परिषद की वेबसाइट upavp.in https://janhit.upda.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र संख्या MU2026021710104677 दिनांक 17.02.2026 करते हुए श्री देवेन्द्र सिंह की मृत्यु दिनांक 29.10.2018 को होने के उपरान्त वारिसान के आधार पर सम्पत्ति के अभिलेखों में नाम अन्तरण किये जाने हेतु अनुरोध किया है।

यदि इस नामान्तरण में किसी व्यक्ति / ऋणदायी संस्था को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्धक कार्यालय, उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

**आज्ञा से-सम्पत्ति प्रबंधक**

## अवशेषों के पास मिले पशु टैग से चौंकाने वाला खुलासा

**नहटौर।** ग्राम बाजिदपुर के जंगल में गौवंश के अवशेष मिलने से सनसनी फैल गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया था। जांच के दौरान अवशेषों के पास मिले पशु टैग से यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि ये पशु तुराबनगर स्थित गौशाला के थे।

मालूम हो कि गुरुवार को ग्रामीणों ने बाजिदपुर के जंगल में भारी मात्रा में गौवंश के अवशेष देखे। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को अवशेषों के बीच पशु विभाग के टैग मिले। इन टैग नंबरों की मिलान करने पर पुष्टि हुई कि संबंधित पशु तुराबनगर गौशाला में पंजीकृत थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने हल्का दरोगा राकेश मोहन की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी। एसपी अभिषेक झा ने मामले के खुलासे और दोषियों की धरपकड़ के लिए चार विशेष टीमों का गठन किया गया है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि सुरक्षित गौशाला से पशु जंगल तक कैसे पहुंचे और इस घटना के पीछे किन लोगों का हाथ है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है।

## युवती को बहला-फुसला कर ले जाने का आरोप


**नहटौर।** थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बीते बुधवार की प्रात: करीब 11 बजे उसकी 22 वर्षीय पुत्री को ग्राम का ही युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस को युवती को शीघ्र बरामद करने का आश्वासन दिया है।

ईद उल फितर के पुरखुलूस मौके पर समस्त देशवासियों को
दिली मुबारकबाद



मौहम्मद शान एड.

मौहम्मद शान एड.
हाईकोर्ट प्रयागराज
मो. 8445374801






शेख मौहम्मद जैद

मौहम्मद जैद-चेयरमैन अब्दुल रज्जाक फाउण्डेशन
निवासी- मौहल्ला मियाजी मौखा, अफजलगढ़

## अलविदा जुमे पर मस्जिदों में उमड़ी भीड़

**हल्दौर।** रमजान के मुकद्दस महीने के आखिरी जुमे पर नगर व आसपास के क्षेत्रों की मस्जिदों में अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी। जामा मस्जिद पर मौलाना मौहम्मद मुफ्ती अब्दुल्ला जामिई व मोती मस्जिद में इमाम मौलाना इरशाद ने नमाज अदा कराई। नमाजियों ने पूरी अकीदत और अनुशासन के साथ नमाज अदा कर देश में अमन-चैन, तरक्की और भाईचारे की दुआ मांगी। जुमे की नमाज से पहले मस्जिदों के इमामों ने रमजान के महत्व पर रोशनी डालते हुए रोजा, जकात और फितरा की अहमियत बताई। उन्होंने कहा कि रमजान इंसान को सब्र, सादगी और इंसानियत का पैगाम देता है। अलविदा जुमे के मौके पर लोगों ने अल्लाह से अपने गुनाहों की माकी मांगते हुए नेक रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

ईद उल फितर व चैत्र नवरात्र की सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं



नफीस कुरैशी
पूर्व सभासद वार्ड नंबर 18
मौहल्ला सराय मीर, नगीना

ईद उल फितर
की सभी को
मुबारकबाद



निसार अहमद
ग्राम प्रधान पति व समाजसेवी
ग्राम पंचायत बैरमाबाद गढ़ी, नहटौर




ईद उल फितर व चैत्र नवरात्र की सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं



भूपेंद्र देशवाल
जिला अध्यक्ष-भारतीय किसान यूनियन भानू
ग्राम हकूमतपुर केसो, थाना मंडावली,
, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

ईद उल फितर की सभी को
मुबारकबाद

परवेज पाशी
वरिष्ठ समाजसेवी व आसपा नेता
नगीना, जनपद-बिजनौर

ईद उल फितर की सभी को
मुबारकबाद

इरफान मंसूरी
राष्ट्रीय अध्यक्ष - भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज/इस्लाहुल मंसूर
निवास-मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा, धामपुर

## पूर्ति विभाग की टीम का दुकानों पर छापा, चार घरेलू सिलेंडर जब्त

**नगीना।** पूर्ति विभाग की टीम ने गुरूवार को छापाकर कार्रवाई के दौरान तीन दुकानों पर घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग होने पर चार सिलेंडर जब्त कर लिए हैं। इजरायल-अमेरिका और ईरान युद्ध के चलते पिछले काफी दिनों पहले गैस एजेंसी द्वारा व्यवसायिक सिलेंडरों की सप्लाई पूरी तरह बंद कर दी गई थी। कुछ व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू सिलेंडर के प्रयोग होने की शिकायत मिलने के बाद पूर्ति विभाग के अधिकारी कुंभकर्णी नींद से जागे और गुरुवार को तीन दुकानों से चार घरेलू सिलेंडर बरामद कर लिए। पूर्ति निरीक्षक नीरज वर्मा ने बताया कि मौहल्ला पंजाबियान में स्थित दुपट्टे की रंगाई करने वाले जानी कुमार की दुकान से दो, दुपट्टे की रंगाई करने वाले दिलशाद की दुकान से एक व बड़े मंदिर के पास चाय की दुकान करने वाले अमित कुमार की दुकान से एक सिलेंडर बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि चारों सिलेंडर जब्त कर लिए गए हैं।

ईद उल फितर की सभी को
मुबारकबाद

महमूद कस्सार
पूर्व चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर

ईद उल फितर की सभी को
मुबारकबाद

खुर्शीद आलम अंसारी
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर, जिला बिजनौर

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद

# एक नजर

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**शेरकोट।** युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मौहल्ला चौधरियान निवासी रूपेंद्र दत्त के पुत्र तुषार का गुरुवार को जन्मदिन था। मृतक की बहन ने बताया कि जन्मदिन मनाने के लिए शाम के समय नगर का ही एक युवक उसे अपने साथ ले गया। लेकिन रात भर उसका भाई वापस नहीं लौटा। आज सुबह लगभग छह बजे युवक अपने भाई के साथ ई-रिक्शा से मरणासन्न अवस्था में तुषार को घर छोड़ गया। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, उसके भाई की मौत हो चुकी थी। युवक के परिजनों ने युवक के दोस्तो पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## भजन-कीर्तन व दीपोत्सव कार्यक्रम



**धामपुर।** मौहल्ला खातियान स्थित शिव मंदिर मेढ सभा, (सुनारो वाले मंदिर) में महिला कमेटी द्वारा हिंदू नव वर्ष विक्रमी संवत 2083, शक्ति ऊर्जा के पावन पर्व चैत्र नवरात्र के अवसर पर भजन-कीर्तन तथा दीपोत्सव का कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति पूर्वक मनाया गया। जिसमें महिलाओं ने नव वर्ष की सभी को शुभकामनाएं दी तथा आदि शक्ति मां भवानी के गुणगान से मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर दीपमाला वर्मा, उमा वर्मा, सुमन वर्मा, कमलेश वर्मा, किरण वर्मा, नेहा वर्मा, ज्योति वर्मा, कंचन वर्मा, तनु वर्मा, सरोज वर्मा, रुक्मणी वर्मा, पायल वर्मा, मोहित वर्मा, डा. सुमन कौशिक, संगीता रस्तोगी, सीमा सिन्हा, प्रेमवती आदि महिलाएं उपस्थित रही। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश वर्मा का योगदान रहा।

## मौहम्मद अमान उर्रब का स्वागत



**शेरकोट।** मौहल्ला नई सराय स्थित इस्तकबालिया कार्यक्रम में पहुंचे शहर इमाम मुफ्ती मौहम्मद अमान उर्रब का स्वागत कर उनके लिए दुआ की गई। वहीं इस मौके पर मुफ्ती मौहम्मद अमान उर्रब ने सभी का शुक्रिया अदा करते हुए बताया कि जो जिम्मेदारी उन्हें मिली हैं, उसे वह ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान मौलाना आसिफ, हिलाल तकी नसीरुद्दीन अंसारी, तौकीर अहमद, सलीम अहमद, नदीम अहमद, मेहताब आलम, मिर्जा खुर्शीद, काजी शमीम, मौलाना जरीफ, गुलफाम अहमद, बुंदू ठेकेदार सहित आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विधिक साक्षरता शिविर



**धामपुर।** दुर्गा पब्लिक स्कूल में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (लखनऊ) मार्च 2026 के एक्शन प्लान के तहत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (बिजनौर) द्वारा निर्देशित उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 पर साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राविधिक स्वंय सेवक जयवीर सिंह ने बताया कि उपभोक्ता खरीदारी से पहले वस्तु के गुण-दोषों मूल्य, शुद्धता और मात्रा आदि जानकारी लेने का अधिकार है। उपभोक्ताओं को क्षति की मात्रा के आधार पर क्षतिपूर्ति पाने का अधिकार है। इसके लिए वह गठित विभिन्न संस्थाओं, संगठनों व उपभोक्ता फोरम के सामने अपनी समस्या प्रस्तुत करके समाधान प्राप्त कर सकता है। शिविर में पीएलवी राजीव कुमार, स्कूल प्रबंधक अनिल राजपूत, प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह, अदिति शर्मा, लक्ष्मी सिमरन, रीता सिंह, अंजुरी आदि ने भाग लिया।

## सेफ कैम्पस अवेयरनेस कार्यक्रम



**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूशन्स में सेफ कैम्पस अवेयरनेस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्द्देश्य छात्र-छात्राओं को परिसर की सूरक्षा एवं स्टूडेंट सपोर्ट एवं फेफ्टी सेलस् के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर प्रतिभागियों को POSH Act-2013 अधिनियम के प्रावधानों, अधिकारों एवं शिकायत निवारण प्रतिकिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था की ग्रीवांश सैल हेड डा. एकता मलिक के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के रजिस्ट्रार राजीव कुमार,अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य डा. दुष्यत जैन, प्राचार्य फार्मेसी डा. विमल कुमार भारती, गौरव मलिक (चीफ प्रोक्टर), डा. समीर अहमद (ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट हेड), बृजनेश सिसौदिया, प्रीति विश्नोई, मोनू कुमार, मधुलिका राजपूत, नाजिश, निधि चौहान, परमजीत कौर, राजेश कुमार, रश्मि शर्मा, जौली चौहान, प्रभात कुमार, सतेन्द्र शर्मा, मानसी, मंशा अग्रवाल, नमन कौशिक, जसवंत सिंह, ललित कुमार, शिवग कुमार, सुनैना राजपूत, रजत चौहान, प्राकुल कुमार, संजना राजपूत, अंजली गौतम, सूर्यप्रताप सिसौदिया, आकांक्षी, संदीप विश्नोई, विशाल गुप्ता, सचिन कुमार, अवनीश कुमार आदि शामिल रहे।

ईद उल फितर की सभी को
मुबारकबाद

सलमान मलिक
सभासद पति व युवा समाजसेवी
मौहल्ला नई सराय, धामपुर

ईद उल फितर की सभी को
मुबारकबाद

नफीस कुरैशी
पूर्व चेयरमैन
नगर पालिका, अफजलगढ़

## ईदगाह की नमाज का वक्त

**अफजलगढ़/कासमपुर गढ़ी।** क्षेत्र में कल बरोज हफ्ता (शनिवार) को अदा की जाने वाली ईद-उल-फितर की नमाज का मुकर्रर (निर्धारित) वक्त इस तरह है- सदर ईदगाह अफजलगढ़-सुबह 8:00 बजे, जामा मस्जिद अफजलगढ़-सुबह 8:30 बजे, ईदगाह कासमपुर गढ़ी-सुबह 9:00 बजे, ईदगाह मानियावाला - सुबह 8:30 बजे, ईदगाह सीरवासुचंद- सुबह 8:30 बजे, ईदगाह रेहड़ दहलावाला - सुबह 8:30 बजे, जामा मस्जिद रेहड़- सुबह 9500 बजे, ईदगाह रसूलपुर - सुबह 8:30 बजे।

## ईओ व चेयरपर्सन पति ने किया ईदगाहों का निरीक्षण

**नहटौर।** ईद उल फितर के मद्देनजर नहटौर नगर की ईदगाहों का निरीक्षण किया गया। पालिका अध्यक्षा पति मौहम्मद जैद रशीद एवं ईओ ओम गिरि ने ईदगाह के साफ-सफाई व्यवस्था को देखा। मौहम्मद जैद रशीद ने ईदगाह कमेटी के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। इस मौके पर ख्वाजा जावेद आलम, नबील अहमद, नामित सभासद मोबीन अहमद, उमैर अख्तर आदि मौजूद रहे।

ईद उल फितर की सभी को
मुबारकबाद

एड. मोहसिन
सभासद पुत्र व कांग्रेस नेता
मौहल्ला चाहशीरी, बिजनौर

ईद उल फितर की सभी रोजेदारों व अमन-पसंद अवाम को
मुबारकबाद

हाजी यामीन फारूकी
वरिष्ठ समाजसेवी, नहटौर

# अलविदा जुमे पर देश दुनिया में अमन और तरक्की की दुआ

## दूर-दराज़ से आए रोज़ेदार, एहतियात के तौर पर रहा भारी पुलिस बल तैनात, राजनीतिक हस्तियां भी रही मौजूद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद में जुमा-ए-अलविदा की नमाज अदा करने के लिए नगर के साथ दूर दराज क्षेत्रों से भारी संख्या में नमाजियो व राजनैतिक हस्तियो ने भाग लिया। नमाज़ के बाद दुनिया में अमन व शान्ति के लिए हज़ारों हाथ दुआओं के लिए उठे।

शुक्रवार को रमजानुल मुबारक के जुमा अलविदा की नमाज नगर की छोटी बड़ी मस्जिदों और खासकर शहर की शाही जामा मस्जिद में अदा की गई। नमाज के दौरान पुलिस सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे ओर ड्रोन कैमरों की कड़ी निगरानी की गई। शहर इमाम शाही जामा मस्जिद हजरत मौलाना आफताब हुसैन वारसी ने जुमा अलविदा का खुत्बा पेश किया जिसको रोजेदार व नमाजियों ने बड़े अदब के साथ सुना। खुत्बा पेश होने के बाद नमाज अदा हुई और मुल्क और शहर की तरक्की सलामती के लिए सैकड़ों हाथ दुआ के लिए उठे। शांति पूर्वक नमाज सम्पन्न होने के बाद खुदा का शुक्र अदा किया गया। शाही जामा पूरी तरह खचाखच भरी रही और नमाज अदा कर अपने घरों को लौटे। मस्जिद इंतजामिया कमेटी की ओर से नमाजियों के लिए वज़ू, सफे बिछाने और बारिश से बचने के लिए शामियाने लगाए। इस दौरान सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क, सईद अख्तर इसराईली, सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष फिरोज खान, साद आदिल, नाजिम सैफी, नदीम अब्बासी, आदि नमाजी उपस्थित रहे। उधरनमाज के दौरान शाही जामा मस्जिद के अलावा अन्य मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए। जबकि नगर पालिका परिषद की और से चूना आदि का छिड़काव कराने के साथ साफ-सफाई का विशेष प्रबंध किया गया। इसके अलावा दिन में कई बार पैयजलापूर्ति करायी गई। जिससे नमाजियों को वजू आदि में कोई दिक्कत नहीं आ सके। **बबराला संवाददाता के अनुसार** :-जुमा अलविदा के मौके पर नगर की जामा मस्जिद में अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान नमाज के बाद लोगों से गले मिलकर जुमा अलविदा एवं आने वाली ईद की मुबारकबाद दी। सभी से आपसी प्रेम और एकता बनाए रखने की अपील भी की।मौलाना मुंसिफ कादरी ने कहा कि जुमा अलविदा रमजान के पवित्र महीने का आखिरी शुक्रवार होता है, जिसका विशेष महत्व है। यह दिन हमें त्याग, संयम और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने सभी को ईद की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि यह त्योहार खुशियों और भाईचारे का प्रतीक है, जिसे सभी को मिलजुलकर मनाना चाहिए। **उप नगरी सरायतरीन** रमजान मुबारक के महीने के चौथा जुम्मा जुमातुलविदा पर मस्जिदों में भीड़ नजर आई। चिलचिलाती धूप में भी नमाज़ियों से मस्जिदें खचाखच भरी रही। नमाज के बाद बाजारों में भी रौनक रही। लोगों ने इफ्तारी के लिए फलों व अन्य खाने-पीने की चीजों की खरीदारी की। आखरी अशरे में लैलतुल कद्र की रात होती है। इस अशरे में लोग मस्जिदों में एतिकाफ कर रहे हैं। 23 रमजान शुक्रवार को पूरे हो गए। ईद के करीब आने के साथ ही अब रोजेदारों का उत्साह और बढ़ने लगा है। चौथे जुमे की नमाज के लिए आज शहर की मस्जिदों में खासी भीड़ नजर आई। मुहल्ला दरबार स्थित शाही जामा मस्जिद के प्रांगण में नमाज के लिए रोजेदार खड़े दिखे। मस्जिदों में भी जुमे की नमाज के लिए तैयारियां सुबह से ही शुरू हो गई थीं। जैसे-जैसे जुमे की नमाज का वक्त करीब नजर आता रहा, वैसे ही रोजेदार मस्जिदों में पहुंचने लगे। इनमें बुजुर्गों और नौजवानों के साथ छोटे-छोटे बच्चों ने भी मस्जिद में पहुंचकर जुमे की नमाज अदा की। खुतबे के बाद इमाम साहब ने नमाज पढ़ाई। नमाज के बाद मुल्क में अमन चैन की दुआ की गई।


सम्भल। शाही जामा मस्जिद में अलविदा जुमे की नमाज अदा करते रोज़ेदार।

## कारखानों में रखा गया अवकाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हैंडीक्राफ्ट के कारखानों में शुक्रवार को अवकाश के चलते भी रोजेदारों और नमाजियों की भीड़ अधिक रही। मुस्लिम बहुल मौहल्लों में जुमे को ईद जैसा नजारा देखने को मिला। कुर्ता-पजामा पहने और सिर पर टोपी लगाए रोजदार जुमे की नमाज अदा करने पहुंचे।

## अफसरों ने ली राहत की सांस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जुमा अलविदा की नमाज शांति पूर्वक अदा कराने को लेकर कई दिनों से पुलिस-प्रशासन का होमवर्क कामयाब रहा। शाही जामा मस्जिद और शहर की अन्य मस्जिदों में जुमा अलविदा की नमाज अदा की गई। शाही जामा मस्जिद में नमाज अदा कराने को लेकर पुलिस-प्रशासन की पहले से की गई तैयारियों के चलते नमाज शांति पूर्वक सम्पन्न होते ही अफसरों ने राहत की सांस ली।

## एसडीएम व नगर मजिस्ट्रेट ने किया ईदगाह का निरीक्षण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** अलविदा जुम्मे की नमाज शांति पूव्रक सम्पन्न कराकर पुलिस और प्रशासन ने ईद की नमाज को लेकर तैयारियां पूरी कर ली है। शुक्रवार को उपजिलाकिारी निधि पटेल और नगर मजिस्ट्रेट ने संयुक्त रूप से ईदगाह का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट और उपजिलाधिकारी ले ईदगाह पर नमाजियों के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया।जबकि नगर पालिका परिषद को पैयजलापूर्ति और सफाई आदि के प्रबंध करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने भी ईदगाह पहुंचकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों को लगाकर साफ सफाई व पैयजलापूर्ति का प्रबंध कराया।



सम्भल- प्राचीन ईदगाह का निरीक्षण करती उपजिलाधिकारी निधि पटेल व नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार।

## नैमतों और रहमतों का शुक्र अदा करने से पूर्व गरीबों तक पहुंचाएं फितरा

### ईदुल फितर मकसद और जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** ईद यानी रमजान की जिम्मेदारी को मुकम्मल अदा करने के अहसास को महसूस करने और खुदा का शुक्र अदा करने वाला खुशी का दिन।



लेकिन मसला ये है कि आज का इंसान मनपसंद चीज हासिल करने या मनपसंद अमल अंजाम देने की आजादी को ही खुशी समझने लगा है। वो खुशी के असली मानी के नजदीक भी नहीं पहुंच पा रहा है क्योंकि खुशी वो अहसास है जो इंसानी मुआशरे में सबके लिए सुकून का सबब होता है। इसे समझने के लिए ईद से जुड़े बुजुर्गों की रिवायतों पर गौर किया जा सकता है।

पहली शव्वाल की सुबह, सूरज निकलने के बाद गुजरे रमजान में बखशी गई खुदा की बेशुमार नैमअतों और रहमतों का शुक्र अदा करने के लिए नमाज ए ईद से पहले मुआशरे के गरीबों तक फितरा पहुंचाने का सिलसिला खुशी की बुनियाद माना जाता है और फिर नमाज में खुदा का शुक्र अदा करने के बाद छोटों को कुछ रकम या तोहफा देकर खुशी के सिलसिले को आगे बढ़ाया जाता है तो दूसरी तरफ बड़ों से दुआएं हासिल करके इस खुशी में चार चांद लगाए जाते हैं। गुजरे हुए साल में मरहूम हुए रिश्तेदारों और पड़ोसियों के घरों में हाजिरी देते हुए फातेहा पढ़कर गमजदा लोगों को तसल्ली दी जाती है और उसके बाद घर आए मेहमानों की अपनी हैसियत के मुताबिक खातिर की जाती है। खुशी के इस पूरे सिलसिले को ईद कहते हैं जिसमें ना तो नये कपड़ों और शानदार खुशबूओं का होना लाजिमी है और ना ही मोटर साइकिलों की शोर मचाती दौड़ और फिल्मी गानों की बेहूदगी से इसका कोई सरोकार है। अगर किसी की अहमियत है तो वो है खुदा की बारगाह में बंदगी का खालिस अहसास और खुदा के दीगर बंदों के साथ इन्केसारी, खुलूस और मुहब्बत के रिश्ते को कमाल की मंजिल तक ले जाकर ऐसे मुआशरे को बनाने में मददगार बनना जहां हर गरीब, यतीम और बेवा खुद को महफूज और आजाद महसूस करते हुए अपनी जायज जरुरियात को आसानी से पूरा कर सके। अगर इंसान शुक्र और इन्केसारी के इस अहसास को महसूस करके अपनी रोजमर्रा की जिन्दगी में शामिल कर पाता है तो यकीनन ईद अपने मकसद में कामयाब होगी और अगर इस अहसास से दूर हैं तो शानदार कपड़ों, बेहतरीन खुशबुओं और महंगें पकवानों के दिखावे को सिर्फ स्टेटस सिंबल ही माना जाएगा जिनका खुशी के बुनियादी उसूल से कोई रिश्ता नहीं है। दुनिया के मौजूदा हालात में मजलूमों की हिमायत हर हाल में वाजिब है इसलिए कोशिश होनी चाहिए कि उनके हकꠡ में खꠡुदा की बारगाह में दुआओं के लिए हाथों को उठाने के साथ साथ उन तक खुशी का अहसास पहुंचाने के लिए अपनी जरूरतों को कुछ कम करके जल्द से जल्द और ज़्यादा से ज्यादा उनकी जरूरतें पूरी करने की कोशिश करनी चाहिए। इस ईद पर बारगाह ए इलाही में यही इंसानियत का सबसे बड़ा हदिया होगा।

कमर अब्बास सिरसवी

## सैकड़ों बिना लाइसेंस के साहूकारी कर चूंस रहे खून

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जनपद में कोई ऐंसा कस्बा अथवा गांव ओर कस्बा नहीं है जहां बिना लाईसेंस के साहूकारी में लिप्त नही हों,लेकिन पुलिस और प्रशासन दोनों ही अवैध साहूकारों पर कोई शिकंजा नहीं कस रहे हैं।

खून चूस कर साहूकारी के धंधे में लगे वारे-न्यारे करने वाले कुछ लोग बिना लाईसेंस के धंधे को अंजाम दे रहे हैं। नगर पालिका के कर्मचारी ऐसी मिसाल है जो प्रति माह वेतन निकलने के समय बैंकों के आगे खड़े होकर कर्मचारियों से मूल रकम के साथ ब्याज भी वसूल करते हैं। ऐसी कई मिसाले है, जहां साहूकारों के चंगुल में फंसकर गरीब अपनी जान गवां रहा है। परन्तु इस सब से फर्जी साहूकारों पर कोई फर्क नही पड़ रहा है। सरकार की आंखों में धूल झौंककर साहूकारी के धंधे को अंजाम देकर दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की कर रहे हैं। क्षेत्र में सैकड़ों साहूकार बिना पंजीयन धंधे का रंग चौखा करने से बाज नही आ रहे, लेकिन यह प्रशासन की नज़रों से औझल है। प्रदेश स्तर से साहूकारों के रजिस्ट्रेशन कराने के दिशा निर्देश अधिकारियों को पूर्व में दिए गए थे। क्षेत्र में कोई साहूकार नही हो तो इस मामले से भी शासन को अवगत कराया जाए।

## दुनिया में स्वार्थ के कारण हो रहे युद्ध पर लगनी चाहिए रोक: सांसद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जुमा अलविदा पर शाही जामा मस्जिद में नमाज अदा करने पहुंचे सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने नमाज के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए



कहा कि यह अल्लाह का करम है कि सभी को इबादत करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि बारिश के बावजूद लोगों ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए नमाज अदा की, जो समाज में धार्मिक प्रतिबद्धता और एकता का संदेश देता है। उन्होंने दुआ की कि अल्लाह सभी को आगे भी इसी तरह इबादत करने की तौफीक दे। प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए सांसद बर्क ने कहा कि नमाज के दौरान कहीं कोई दिक्कत नहीं हुई और इंतजाम बेहतर रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसरों पर प्रशासन की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, जिसे इस बार बखूबी निभाया गया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बोलते हुए सांसद बर्क ने मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि दुनिया में युद्ध स्वार्थ के कारण हो रहे हैं इन पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने अमेरिका और इजराइल की कार्रवाइयों पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि भारत के पास युद्ध रुकवाने की क्षमता है तो उसे आगे आकर पहल करनी चाहिए। उनका कहना था कि पूरी दुनिया शांति चाहती है और अब समय है कि वैश्विक स्तर पर ठोस कदम उठाए जाएं। फिल्म धुरंधर को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी फिल्म नहीं देखी है, इसलिए इस पर कोई टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।

## एक नज़र इधर भी

### घर के बाहर खड़ी साइकिल चोरी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** कस्बा निवासी व्यक्ति की सइकिल दिन में उसके घर के बाहर खड़ी थी। जिसे अज्ञात चोर चुराकर ले गया। चोर साईकिल ले जाते सी सी टी वी कैमरे में कैद हो गया। पीड़ित ने पुलिस से साइकिल बरामद कराए जाने की मांग की है। मौहल्ला चौधरियान निवासी शहनशाह अब्बास ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि मेरी साईकिल घर के बाहर प्रतिदिन की तरह खड़ी थी। लगभग एक बजे अज्ञात युवक साइकिल चुरा ले गया। पीड़ि ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है।

### बबराला में 26 मार्च को निकलेंगी झांकियां

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर में श्री काली अखाड़ा सेवा समिति द्वारा मां भगवती का भव्य डोला, काली अखाड़ा एंव आकर्षक झांकियां 26 मार्च (अष्टमी) निकाली जाएंगी। नगर बबराला के राजघाट रोड स्थित वार्ष्णेय धर्मशाला से शाम 5 बजे झांकियां निकलेंगी। जो इंद्रा चौक, रेलवे रोड, स्टेशन रोड, सर्राफा बाजार होते हुए राजघाट रोड पर आकर समाप्त होगी। यह जानकारी डिम्पल वार्ष्णेय ने दी।


बबराला-अस्थाई सिवि अदालत का निरीक्षण करती जिला जज।

### जिला जज ने किया निरीक्षण

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने रेन वसेरा में अस्थाई सिविल न्यायालय बिल्डिंग का जिला जज विदुषी सिंह व सीजीएम दीपक जायसवाल ने निरीक्षण किया।नगर पंचायत गुन्नौर के रेन वसेरा बिल्डिंग में अस्थाई रूप से सिविल न्यायालय की व्यवस्था को जल्दी पूर्ण करने के निर्देश दिये।नगर पंचायत ईओ अमरेश तिवारी ने बताया ने बताया कि नगर पंचायत गुन्नौर के अस्पताल के पास स्थित रेन बसेरा में अस्थाई रूप से सिविल न्यायालय के लिए निरीक्षण किया गया।25 मार्च तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं।कार्य तीव्रगति से चल रहा है।इस दौरान तहसीलदार गुन्नौर रविंद्र विक्रम,गुन्नौर बार अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह यादव, महासचिव सुरेश चंद्र यादव व अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### ईदगाह पर प्रात: नौ बजे हाजी जहीरूल इस्लाम अदा करायेंगे नमाज़

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** प्राचीन ईदगाह पर इमामे इदगाह हाजी ज़हीरूल इस्लाम ईदुल फितर की नमाज अदास करायेंगे।

रमजान के पवित्र रोजे सम्पन्न होने के बाद ईद की नमाज नगर की हर छोटी बड़ी मस्जिदों के अलावा प्राचीन ईदगाह पर भी ईदुल फितर की नमाज अदा करायी जायेगी। इमामे ईदगाह हाजी मौलाना ज़हीरूल इस्लाम ने बताया कि ईदुल फितर की नमाज ईदगाह पर सुबह नौ बजे अदा करायी जायेगी।

### नोएडा प्लाट स्कीम के तहत आए 32 आवेदन

नोएडा (शाह टाइम्स)। नोएडा प्राधिकरण की स्कीम के तहत कुल 32 आवेदन कंपनियों ने किए है। दस्तावेज और ईएमडी जमा की गई। अब बोली लगाई जाएगी। जिस भी कंपनी की बोली ज्यादा होगी उसे जमीन का आवंटन किया जाएगा। इससे प्राधिकरण को राजस्व मिलेगा। साथ ही खाली प्लाटों की दोबारा से स्कीम लांच की जाएगी। प्राधिकरण ने कारपोरेट, होटल और ग्रुप हाउसिंग प्लाट की स्कीम एक महीने पहले लॉन्च की थी। होटल के लिए छह प्लाट निकाले गए थे। ये प्लाट 2000 से 24 हजार वर्ग मीटर तक के है। इसमें पांच प्लाट के लिए आवेदन नहीं आए। जबकि 7500 वर्ग मीटर सेक्टर-105 के लिए दो आवेदन आए है। कामर्शियल बिल्डर प्लाट में 11 प्लाट के सापेक्ष सेक्टर-96, 98 के दो प्लॉट, 108,142 और 135 के लिए 16 आवेदन आए है। वहीं कारपोरेट सेक्टर 10 भूखंड में 1000 वर्ग मीटर के नौ भूखंड के लिए 14 आवेदन आए है। ग्रुप हाउसिंग के सेक्टर-151 में दो भूखंड के लिए चार-पांच भी आवेदन आए है। इन सभी ने ईएमडी और दस्तावेज प्राधिकरण में जमा कर दिए है। ई ऑक्शन के जरिए आवेदन कर्ता को बोली लगानी होगी। जिसके बाद प्लाट का आवंटन किया जाएगा।

### गैंगस्टर में वांछित सरगना समेत दो गिरफ्तार

नोएडा (शाह टाइम्स)। सेक्टर बीटा-2 थाने की पुलिस ने गैंगस्टर ऐक्ट में वांछित वाहन चोर गिरोह के सरगना समेत दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान राहुल और उसके साथी अर्जुन के रूप में हुई। राहुल गिरोह का सरगना है। गिरोह में राकेश, रोहित, सुमित और सचिन भी शामिल हैं। पुलिस ने चार महीने पहले गैंग को पकड़ा था। उनके पास से चोरी की 16 बाइक बरामद हुई थीं। पुलिस की टीम फरार बदमाशों की तलाश में जुटी है।

## प्रदर्शनी का अधिक से अधिक अवलोकन कर उठाएं लाभ

### नवनिर्माण वर्ष पर संकल्प सिद्धि, सुरक्षा व सुशासन पर प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नवनिर्माण के 9 वर्ष पर संकल्प से सिद्धि सुरक्षा, सुशासन,समृद्ध उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्ध के 9 वर्ष पूरे होने केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां की प्रर्दशनी लगायी गई। जिसका उद्घाटन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने फीता काट कर किया। तत्पश्चात उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए सराहना की। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए जिससे जनपद के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को योजना का लाभ मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी ने जनमानस से अपील करते हुए कहा कि लोग अधिक से अधिक प्रदर्शनी का अवलोकन करें जिससे उन्हें योजनाओं के विषय में जानकारी मिले और उसका लाभ उठा सकें। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## शहरभर में ई-रिक्शा से लगा रहा जाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अप्रशिक्षित हाथों में चल रहे ई रिक्शा शहर भर में जाम का कारण बने हुए हैं। अनगिनत और बिना किसी परीक्षण के चल रहे ई रिक्शा भीड-भाड़ वाले क्षेत्र में एक साथ कई-कई आने से जाम लगा देते हैं। इससे हर समय अनेको समस्याएं बनी रहती है। हालात यह हो गए हैं कि एक साथ ई रिक्शाओं के कई झुंड आने से बाज़ार और अन्य मार्गों पर पैदल निकलना भी दूभर हो गया है,परन्तु पुलिस-प्रशासन और परिवहन विभाग खामोश है। हालांकि पूर्व शहर कोतवाली प्रभारी ने अतिक्रमण हटवाकर और मुख्य बाज़ार में ई रिक्शा का प्रवेश बंद कर जाम लगने पर सफलता पा ली थी, लेकिन शहर के अन्य स्थानों पर ई रिक्शा के कारण हर समय जाम का झाम बना हुआ है,मगर इस ओर प्रशासन या पुलिस का कोई ध्यान नही हैं।

## देवी ब्रह्मचारिणी की बताई महिमा

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** सन्तोषी माता मंदिर पर उमड़ी श्रृद्वालुओं की भीड़ बबराला नवरात्रों में सन्तोषी माता मंदिर,खेड़ा मन्दिर,लाइन पार मन्दिर,चामुंडा मंदिर गुन्नौर पर श्रृद्वालुओं की भीड़ है। बबराला स्टेशन रोड स्थित सन्तोषी माता मंदिर पर नवरात्र कार्यक्रम में पण्डित श्याम बिहारी महाराज ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार माता ब्रह्मचारिणी हिमालय और मैना की पुत्री हैं। इन्होंने देवर्षि नारद जी के कहने पर भगवान शंकर की ऐसी कठोर तपस्या की जिससे प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने इन्हें मनोवांछित वरदान दिया। जिसके फलस्वरूप यह देवी भगवान भोले नाथ की वामिनी अर्थात पत्नी बनी। जो व्यक्ति अध्यात्म और आत्मिक आनंद की कामना रखते हैं। उन्हें इस देवी की पूजा से सहज यह सब प्राप्त होता है। देवी का दूसरा स्वरूप योग साधक को साधना के केन्द्र के उस सूक्ष्मतम अंश से साक्षात्कार करा देता है। जिसके पश्चात व्यक्ति की इन्द्रियां अपने नियंत्रण में रहती और साधक मोक्ष का भागी बनता है। इस देवी की प्रतिमा की मंत्रोपंचोपचार सहित पूजा करके जो साधक स्वाधिष्ठान चक्र में मन को स्थापित करता है। उसकी साधना सफल हो जाती है और व्यक्ति की कुण्डलनी शक्ति जागृत हो जाती है। जो व्यक्ति भक्ति भाव एवं श्रृद्वादुर्गा पूजा के दूसरे दिन माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा करते हैं उन्हें सुख, आरोग्य की प्राप्ति होती है और प्रसन्न रहता है, उसे किसी प्रकार का भय नहीं सताता है। देवी की उपासना मंदिर में की गई। इस दौरान ममता, मीना, पूजा गोयल, काजल, इंद्रा, चित्र शर्मा आदि महिलाएं मौजूद रहीं।



## नगर पंचायत बोर्ड बैठक में सभी प्रस्ताव हुए पास

### अबुल कलाम पार्क में ओपन जिम के प्रस्ताव को भी मिली मंज़ूरी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** नगर पंचायत बोर्ड की बजट बैठक पूर्व निर्धारित समय पर कार्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें सभी सभासदों की सहमति से प्रस्ताव पारित किए गए।


बैठक में मूल बजट वित्तीस वर्ष 2026-27 में आय 2051.92 व्यय 2047.23 लाख करने के प्रस्ताव के साथ ही गृहकर नामान्तरण, विज्ञापन, फीकल स्लग एवं सेटटेज प्रबंधन मानचित्रकी उपविधि के प्रस्ताव के अलावा एल ई डी बल्ब/स्ट्रीट लाईट/डेकेरोटिव पोल लगवाने के मार्ग पर ए पी जे अबल कलाम पार्क में ओपन जिम लगवाने का प्रस्ताव की सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बैठक में आशिक अब्बास, खुर्शीद, हबीब रजा, हाशिम अली, खैरूलनिशा, हुस्नबानो, चंचल सैनी के अलावा लिपिक रईस अहमद ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता कौसर अब्बास ने व संचालन डिप्टी कलैक्टर/अधिशासी अधिकारी विकास चन्द्र ने किया।


सिरसी- नगर पंचायत की बजट बोर्ड बैठक में हिस्सा लेते चेयरमैन व सभासद।

## देह में स्थित मूलाधार चक्र की अधिपति है माता महागौरी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** आध्यात्मिक गुरु पं राधोश्याम श्रीमाली के नेतृत्व मे दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पंजू सराय में स्थित श्रीकल्कि पधारो धरती पर, श्रृंखला के तहत, माँ दुर्गा स्तवन की 92 वीं कड़ी,के प्रथम दिन देर रात कलश स्थापना नवार्ण महामंत्र जाप के बाद, डा. सुरेश चन्द्र सैनी रुकमनी देवी माँ दुर्गा के प्रथम स्वरुप शैलपुत्री को फल फूल ध्वजा नारियल पंचमेवा मिश्री अष्टगंधा घृत आदि इक्यावन पदार्थो से दस हजार आठ सौ आहुतियाँ प्रदान कर देश प्रदेश की प्रगति, श्रीकल्कि के प्राकटय,व सभी भक्तो के सुख आनंद को पांचो संध्याओ मे प्रार्थना,की गयी, यज्ञाचार्य डा. योगी नागेन्द्र मोहन मोहन श्रीमाली ने कहा की देव दुर्लभ मानव देह वृह्मांण्ड का ही लघु रुप हैं। हमे इस देह के रहस्यों समझना आवश्यक हैं। हमारे देह के मूलाधार चक्र की अधिपति माता महागौरी और प्रथम पूजक श्रीगणेश हैं। अर्थात अपने देह को समझकर अभ्यास करना ही हमारी आध्यात्मिक प्रगति का आधार है। आज समिति जिलाध्यक्ष नरेश सैनी जिला सचिव ज्वालेश श्रीमाली सहित समिति के सभी पदाधिकारी आनंद सैनी पप्पू सैनी लक्ष्मन सैनी सहित साधाक साधिकाए उपस्थित रहे।



# बाउंड्री पर बैठा नजर आया तेंदुआ ग्रामीणों में दहशत, वीडियो वायरल

**मुरादाबाद।** जनपद के ग्रामीण इलाकों में तेंदुए की लगातार दस्तक से दहशत का माहौल बना हुआ है। कभी खेतों में तो कभी पेड़ों पर नजर आ रहा तेंदुआ अब भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव रामपुर बलभद्र में एक घर की बाउंड्री पर बैठा दिखाई दिया, जिससे गांव में हड़कंप मच गया।तेंदुए को देखते ही ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने तेंदुए का वीडियो भी बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



वीडियो सामने आने के बाद आसपास के क्षेत्रों में भी डर का माहौल गहरा गया है।ग्रामीणों के मुताबिक, पिछले कई दिनों से तेंदुआ अलग-अलग स्थानों पर दिखाई दे रहा है, जिससे लोगों में लगातार भय बना हुआ है। हालात ऐसे हैं कि लोग अपने घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। खासकर बच्चे और महिलाएं घरों के अंदर ही रहने को मजबूर हैं, जबकि शाम होते ही गांव में सन्नाटा छा जाता है।ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर नहीं भेजा गया तो किसी भी समय बड़ी घटना हो सकती है। फिलहाल वन विभाग की ओर से ठोस कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश भी देखने को मिल रहा है।ग्रामीणों ने प्रशासन से इलाके में गश्त बढ़ाने और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है, ताकि गांव में फैले भय के माहौल को खत्म किया जा सके।

# अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न शनिवार को होगी ईद



**कांठ( शाह टाइम्स )** अलविदा जुमे की नमाज आज शांतिपूर्वक संपन्न हो गई लेकिन बारिश के चलते नमाजिओ को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है बतादे कि आज रमजान के महीने का आखिरी जुम्मा था इसलिए अलविदा जुमे की नमाज आज पढ़ने के लिए लोग भारी संख्या में मस्जिदों की ओर निकले लेकिन बारिश के कारण नमाजियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा जहां मस्जिद ढकी हुई थी वहां तो लोग नमाज पढ़ सके लेकिन जहां मस्जिद खुली थी वहां भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कुल मिलाकर अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्वक और हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हो गई शनिवार यानी आज ईद मनाई जाएगी।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल, उपचार जारी

**बिलारी।** क्षेत्र में सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, निसार अहमद पुत्र सफी अहमद, निवासी रुस्तम नगर सहसपुर, बिलारी से गैस सिलेंडर लेकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि निसार अहमद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग एकत्र हो गए और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को अपने संरक्षण में लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार किया गया, जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने की मांग की है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।



### ईदुल फित्र: रहमत, शुक्र और इंसानियत का पैगाम

**बिलारी।** रमजानुल मुबारक की मुकम्मल इबादतोंख्ररोजा, तरावीह, तिलावत-ए-कुरआन और ऐतिकाफख्रके बाद मिलने वाली अल्लाह की रहमत, मगफिरत और दोजख से निजात की खुशखघ्बरी के इजहार का दिन है ईदुल फित्र। इसका हुक्म हिजरत के दूसरे साल मदीना मुनव्वरा में नाजिल हुआ। जिस तरह किसी कघैम की आजादी या तालीमी कामयाबी पर जश्न मनाया जाता है, उसी तरह मुसलमान रमजान की बरकतों के हासिल होने पर अल्लाह का शुक्र अदा करते हुए ईद की नमाज अदा करते हैं और खुशियां मनाते हैं। "फित्र" का मतलब फितरत और अता से है। ईदुल फित्र के साथ जुड़ा सदकघ-ए-फित्र इस त्योहार की सामाजिक रूह को बयान करता है। हर साहिब-ए-निसाब मुसलमान पर यह वाजिब है कि वह अपने घर के हर सदस्य की तरफ से फित्रा अदा करे, ताकि गरीब, मिस्कीन, यतीम और बेसहारा लोग भी ईद की खुशियों में बराबर के शरीक हो सकें। यह अमल रोजों में हुई कोताहियों की तदारुक और उनकी कघ्बूलियत का जरिया भी बनता है। ईद का दिन अल्लाह की तरफ से इनाम और आम माफी का दिन बताया गया है। रिवायतों के मुताबिक, इस दिन बंदों पर इतनी रहमतें नाजिल होती हैं कि शैतान मायूस हो उठता है और इंसानों को नेकियों से दूर करने की कोशिश करता है। ऐसे में जरूरत है कि मुसलमान इस मुबा. रक मौके की असल रूह को समझें और इसे महज दुनियावी लुत्फख्र नाच-गाने, फुजूल मशगलों या बेढंगे मेलों-तक महदूद न करें, बल्कि इबादत, शुक्र और नेक अमल के साथ मनाएं। ईदुल फित्र हमें दो अहम पैगाम देती है पहला, अल्लाह के एहसानात पर दिल से शुक्र अदा करना; और दूसरा, समाज के कमजोर तबकघें का खघ्याल रखते हुए भाईचारा, मोहब्बत और मेल-मिलाप को बढ़ावा देना। यह दिन गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे से गले मिलने, रिश्तों को मजबूत करने और इंसा. नियत की बुनियाद को मजबूत करने का मौका है। दरअसल, ईदुल फित्र सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि इबादत की कामयाबी का इजहार और एक बेहतर समाज की तामीर का पैगाम है।



**मुहम्मद उस्मान अजहरी, बिलारी।**

# टीएमयू फिजियोथेरेपी के स्टुडेंट्स ने की साई की एजुकेशनल विजिट

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी-एमपीटी के 22 स्टुडेंट्स ने नई दिल्ली स्थित स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया- साई के इंदिरा गांधी इंडोर स्डेडियम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का शैक्षिक भ्रमण किया। इस एजुकेशनल विजिट का मुख्य उद्देश्य स्टुडेंट्स को राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रशिक्षण एवम् पुनर्वास व्यवस्था का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना, खेल विज्ञान के फिजियोथेरेपी और एथलीट मैनेजमेंट में अनुप्रयोग की समझ को विकसित करना रहा। विजिट के दौरान हाई परफॉर्मेंस एनालिस्ट डॉ. प्रहलाद प्रियदर्शनी और फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. ज्ञान ने खेल मूल्यांकन, पुनर्वास एवम् प्रदर्शन वृद्धि के क्षेत्र में अपने व्यावसायिक अनुभव साझा किए। इस दौरान चोटों की रोकथाम, वैज्ञानिक प्रशिक्षण सिद्धांत, रिकवरी प्रोटोकॉल और एलीट स्पोर्ट्स में बहु-विषयक टीम के महत्व पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही साइकिलिंग, कुश्ती, जिम्नास्टिक और अन्य इंडोर खेलों से जुड़े खिलाड़ियों के साथ व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया, जिससे स्टुडेंट्स को सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक परिस्थितियों से जोड़ने का अवसर मिला। नेशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंसेज एंड रिसर्च-एनसीएसएसआर के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. बिभु कल्याण नायक, मेडिकल ऑफिसर डॉ. शुभ्रा चटर्जी, एक्सरसाइज फिजियोलॉजिस्ट डॉ. शुभोजीत चटर्जी और स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट




डॉ. शत्रुपा चक्रवर्ती ने स्टुडेंट्स को खेल विज्ञान में अंतर-विषयक सहयोग के महत्व से अवगत कराया।बायो मैकेनिकल एनालिस्ट डॉ. अजय पंडित ने बायोमैकेनिक्स विभाग का अवलोकन कराया, जहां उन्नत मोशन एनालिसिस सिस्टम, फोर्स प्लेट्स एवम् गेट एनालिसिस तकनीकों का प्रदर्शन किया गया, जिनका उपयोग मूवमेंट पैटर्न के अध्ययन एवम् चोटों की रोकथाम में किया जाता है। एंथ्रोपोमेट्री विभाग में बॉडी कंपोजीशन एनालिसिस, सोमैटोटाइपिंग एवं प्रतिभा पहचान तथा प्रदर्शन मॉनिटरिंग से संबंधित मापन तकनीकों की जानकारी दी गई, जिसने खिलाड़ी मूल्यांकन एवम् प्रशिक्षण के वैज्ञानिक आधार को स्पष्ट किया। भ्रमण में स्टुडेंट्स ने रेसलिंग एरीना, बास्केटबॉल कोर्ट और साइक्लिंग प्रशिक्षण क्षेत्र का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं एवम् संरचित प्रशिक्षण सत्रों को नजदीक से देखा। सत्र में विद्यार्थियों को एक्सरसाइज फिजियोलॉजी विभाग का भी भ्रमण कराया गया, जहां वी2 मैक्स परीक्षण, सहनशक्ति मूल्यांकन एवं मेटाबोलिक मॉनिटरिंग जैसे आधुनिक प्रदर्शन मूल्यांकन उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। इससे स्टुडेंटस को यह समझने में सहायता मिली कि किस प्रकार शारीरिक मानकों का आकलन और मॉनिटरिंग कर खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाया जाता है तथा रिकवरी रणनीतियों को प्रभावी बनाया जाता है। भ्रमण का संयोजन फिजियोथैरेपी की फैकल्टी डॉ. हरीश शर्मा और डॉ. समर्पिता सेना. पति ने किया।

# इस्कॉन द्वारा भगवान कृष्ण बलराम की शोभायात्रा का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय श्री कृष्णा भावनामृत संघ इस्कॉन मुरादाबाद द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान कृष्ण बलराम



की शोभायात्रा बड़े ही भव्य तरीके से निकाली जाएगी जिसमें भगवान कृष्ण बलराम जी रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने के लिए आ रहे हैं उसी को लेकर आज इस्कॉन केंद्र आशियाना पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के समस्त पदाधिकारी ने अपनी अपनी सेवाओं को लेकर विस्तार से गहन चर्चा हुई और सभी ने अपनी सेवाओं को लेकर जिम्मेदारी निभाने का प्रण किया शोभायात्रा में चार अलग-अलग रॉक बैंड, आठ सुंदर झांकियां ऊंट घोड़े आदि रहेंगे यात्रा में दिल्ली, गाजियाबाद, पिलखुआ, हापुड़, काशीपुर, रामनगर, बरेली, अफजलगढ़, बिजनौर रामपुर, संभल आदि जगह से भक्त आयेगे इसके साथ साथ विदेशी भक्तो की टीम मे आ रही है रॉक बैंड में के लिए

शोभा यात्रा का शुभारंभ दिनांक 22 मार्च दिन रविवार को दोपहर 11:00 बजे गवर्नमेंट इंटर कॉलेज थाना मुगलपुरा से शुरू होकर मंडी चौक, अमरोहा गेट, टाउन हाल, गुरहट्टी, जैन मंदिर सिविल लाइन,देव विहार से पीएसी, काठ रोड से किला होते हुए स्टेडियम रोड से होते हुए आरएसडी डिग्री कॉलेज पर विश्राम होगी दोनों जगह पर सभी भक्तों के लिए स्वादिष्ट कृष्ण भोजन प्रसाद की व्यवस्था होगी आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्र प्रबंधक श्रीमान उज्जवल सुंदर दास, यूथ प्रभारी अरुण उदय दास, कृष्ण दास, मोहन श्याम प्रभु, सचिनंदन दास, महामुनि दास, राधिका माधव दास, साक्षी गौरंग दास राधा कांत गिरधारी दास( मीडिया प्रभारी ),अचिंत्य कृष्ण दास, आदि भक्त शामिल रहे।

# कलश यात्रा का सचिन चौहान उर्फ बंटी एवं अंजू चौहान ने फीता काट कर कराया शुभारंभ



**कांठ( शाह टाइम्स )** नवरात्रों के उपलक्ष में आज नगर के रामल. ीला मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ अंजू चौहान पत्नी सचिन चौहान और सचिन पुत्र विनोद चौहान ने फीता काटकर किया। कलश यात्रा रामलीला मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई अपने गंतव्य पर जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में पीहू ने मां दुर्गा कृतिका ने मां सरस्वती और सलोनी ने मां काली का रूप धारण किया। कार्यक्रम के आयोजक बृजबाला देवी जितेंद्र सिंह बम भटक एकता मंच से जित. ेंद्र सिंह देवराज सिंह अरविंद कुमार हिमांशु गणेश कुमार अमित नन्नू अंकित गौरव सारांश नीतू चौहान भावेश शर्मा जसवंती कमला देवी मधु गुप्ता सरोज देवी मधु चौहान रेखा चौहान रमा चौहान पुष्पांजलि हर्षिता पूजा हिमानी आदि रही। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया लोगों ने शोभायात्रा में पूरी आस्था दिखाई इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

### मानवता की मिसाल बिलारी के तहसीलदार प्रवीण कुमार

**बिलारी।** तहसील में नवागंतुक तहसीलदार प्रवीण कुमार ने कार्यभार संभालते ही जो कदम उठाया, उसने प्रशासनिक सेवा को नई पहचान दी है। पदभार संभालते ही उनका ग्वारखेड़ा स्थित वृद्ध आश्रम पहुंचकर वहां रह रहे वरिष्ठजनों से आत्मीयता के साथ इस प्रकार मिलना जैसे वे उन्हीं के अभिभावक हों इस बात का प्रमाण है कि उनके लिए मानवता पहले है। बुजुर्गों से मिलकर उनकी पीड़ा को महसूस किया और सहानुभूति का मरहम लगाया।



जिससे बुजुर्ग भी कुछ देर के लिए अपनी पीड़ा भूल गए। इसी के साथ तहसीलदार ने गायों को चारा खिलाया यह दृश्य बेजुबानों के प्रति साहअनुभूति भरा था तो समाज को गौ सेवा का संदेश देने वाला भी। वृद्धाश्रम में उन्होंने संस्थापक रोहन देव सामाजिक द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। संस्थापक रोहन देव सामाजिक ने तहसीलदार की इस सकारात्मक सोच और संवेदनशील व्यक्तित्व को नमन करते हुए कहा कि ऐसे अधिकारी समाज के लिए प्रेरणा हैं।

### शांतिभंग की आशंका में दो का चालान

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** पुलिस ने शांति भंग की आशंका में दो लोगों का चालान किया है नगर के घोसीपुरा निवासी नईम पुत्र हाफिजुर रहमान और मुजीबुर रहमान पुत्र हाफिजुर रहमान को पुलिस ने हिरासत में लिया और इनसे शांति भंग की आशंका जताते हुए एसडीएम कोर्ट में इन्हें पेश किया है।



## जुमा अलविदा पर जामा मस्जिद में उमड़ी नमाजियों की भीड़, अकीदत के साथ अदा की गई नमाज



**बिलारी।** मोहम्मद इब्राहिमपुर स्थित जामा मस्जिद में आज रमजान के आखिरी जुमा, यानी जुमा अलविदा की नमाज बड़े ही अकीदत और श्रद्धा के साथ अदा की गई।

इस मौके पर मस्जिद परिसर में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। नमाज अदा करने के लिए क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से लोग बड़ी संख्या में पहुंचे, जिससे मस्जिद के अंदर और बाहर तक नमाजियों की कतारें नजर आईं। जुमा अलविदा के इस पवित्र अवसर पर इमाम साहब ने रमजान के महत्व, रोजे की अहमियत और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से समाज में अमन-चौन, भाईचारा और इंसा. नियत को मजबूत करने की अपील की। साथ ही देश और समाज की तरक्की के लिए विशेष दुआएं भी की गईं। नमाज के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा के भी उचित इंतजाम किए गए थे, जिससे पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर जुमा अलविदा की मुबा. रकबाद दी और आपसी सौहार्द का परिचय दिया। रमजान के इस आखिरी जुमा का मुस्लिम समाज में विशेष महत्व होता है, जिसे पूरे महीने की इबादत का अहम पड़ाव माना जाता है। इसी के साथ अब ईद-उल-फितर के त्योहार की तैयारियां भी तेज हो गई हैं।

# टीएमयू के छात्रों ने सीखे सुरक्षित ड्राइविंग के गुर



**मुरादाबाद।** यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के रोड सेफ्टी क्लब और होंडा मोटर साइकिल एंड स्कूटर इंडिया मानेसर, गुडगांव-हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिनी सड़क सुरक्षा जागरूकता कैंप का आयोजन हुआ। इस दौरान स्टुडेंट्स को सुरक्षित वाहन चलाने, नियंत्रित गति, सावधानीपूर्ण ड्राइविंग और दुर्घटना से बचाव के वैज्ञानिक तरीकों की विस्तार से जानकारी दी गई। यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के 750 से अधिक स्टुडेंट्स ने सक्रिय भागीदारी की। फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज और कॉलेज ऑफ नर्सिंग के स्टुडेंट्स के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान सेफ्टी राइडिंग के सेंट्रल मैनेजर राकेश कुमार वत्स ने संवादात्मक तरीके से स्टुडेंट्स को सुरक्षित वाहन संचालन के सिद्धांतों से अवगत कराया। उन्होंने सही राइडिंग स्थिति, शरीर के संत. ुलन, आंख, हाथ, कोहनी, घुटनों और कंधों की सही स्थिति का महत्व समझाते हुए कहा, वाहन चलाते समय सजगता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। साथ ही ब्रेक, टायर और ईंधन की पूर्व जांच को आवश्यक बताया। सत्र के दौरान प्रस्तुत आंकड़ों ने स्टुडेंट्स पर गहरा प्रभाव छोड़ा। उन्होंने बताया कि 32 किलोमीटर प्रति घंटा की गति पर दुर्घटना में बचाव की संभावना लगभग 97 प्रतिशत रहती है, जबकि 64 किलोमीटर प्रति घंटा की गति पर यह घटकर मात्र 20 प्रतिशत रह जाती है। उन्होंने सुरक्षित वाहन संचालन के लिए कम से कम तीन सेकंड का अंतराल बनाए रखने पर विशेष बल दिया, ताकि अचानक परिस्थितियों में वाहन पर नियंत्रण बनाए रखा जा सके। उन्होंने ओवरटेक करते समय विशेष सावधानी बरतने और ओवर द शोल्डर नियम अपनाने पर जोर दिया। साथ ही अंधेरे में सामने से आने वाली तेज रोशनी से अप्रभावित रहकर ड्राइविंग करने के सुझाव दिए। उल्लेखनीय है, होंडा मोटर साइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सेफ्टी राइडिंग के सेंट्रल मैनेजर राकेश कुमार वत्स और टीएमयू के सहायक डीन छात्र कल्याण डॉ. रत्नेश कुमार जैन ने संयुक्त रूप से कैंप का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र में स्टुडेंट्स ने हेलमेट, अधिक गति, सड़क संकेतों और आपातकालीन प्रतिक्रिया से जुड़े प्रश्न पूछे। उत्कृष्ट उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भी प्रदान किए गए। संच. ालन डॉ. रणजीत सिंह ने किया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ''फर्म मैसर्स चौधरी कॉन्ट्रेक्टर, ग्राम मिर्जापुर डूंगर तहसील हसनपुर जिला अमरोहा (उत्तर प्रदेश) नामक फर्म में दिनांक 20-03-2026 को पार्टनर्स (1) श्री अंकित चौधरी पुत्र श्री चमन सिंह निवासी ग्राम चक रूस्तमपुर तहसील व जिला अमरोहा (2) श्री वीरेन्द्र चाहल पुत्र श्री सन्तरपाल सिंह निवासी ग्राम नरैना कलां तहसील व जिला अमरोहा (3) श्री विपिन कुमार पुत्र श्री खेमपाल सिंह निवासी ग्राम सिकन्दरपुर तहसील व जिला अमरोहा ने उपरोक्त फर्म से त्याग पत्र देकर अपनी साझीदारी समाप्त कर ली है तथा श्री सरजू चौधरी पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम फतेहपुर सराय तहसील व जिला सम्भल उपरोक्त फर्म में सम्मिलित हो गये हैं। उक्त फर्म में अब वर्तमान में दो पार्टनर (1) श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री अतर सिंह निवासी ग्राम मिर्जापुर डूंगर तहसील हसनपुर जिला अमरोहा (2) श्री सरजू चौधरी पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम फतेहपुर सराय तहसील व जिला सम्भल हैं।''
**नरेन्द्र सिंह ( पार्टनर )।**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ''फर्म मैसर्स धारीवाल एण्ड अदर्स, ग्राम मालीपुर पो० ऊमरी सब्जीपुर जिला मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) नामक फर्म में दिनांक 25.02.2026 को पार्टनर्स (1) श्री नरेन्द्र सिंह उर्फ बॉबी पुत्र श्री महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बहादुरपुर राजपूत पो० यूसुफपुर नगलिया तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद (2) श्री शीशपाल सिंह पुत्र श्री फूल सिंह निवासी 2जी, शाहपुर तिगरी आंशिक, शाहपुर तिगरी, मुरादाबाद ने उपरोक्त फर्म से त्याग पत्र देकर अपनी साझीदारी समाप्त कर ली है तथा श्री जितेन्द्र सिंह पुत्र श्री वेदपाल सिंह निवासी ग्राम किशनपुर जिला मुरादाबाद उपरोक्त फर्म में सम्मिलित हो गये हैं। उक्त फर्म में अब वर्तमान में दो पार्टनर (1) श्री अनुराग धारीवाल पुत्र श्री मित्रपाल सिंह निवासी ग्राम मालीपुर पो० ऊमरी सब्जीपुर जिला मुरादाबाद (2) श्री जितेन्द्र सिंह पुत्र श्री वेदपाल सिंह निवासी ग्राम किशनपुर जिला मुरादाबाद हैं।''
**अनुराग धारीवाल**
**पार्टनर**

# ईद उल फितर की सभी को मुबारकबाद

## मुजफ्फरनगर के राकेश, धर्मेन्द्र व हरजीत को कारावास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे तृतीय ने मुजफ्फरनगर के बदमाश राकेश उर्फ काला, धर्मेन्द्र उर्फ विजेन्द्र व हरजीत उर्फ जीत को सात वर्ष के कारावास एवं तीस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर कोतवाली में 18 जनवरी, 2015 को उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि राकेश उर्फ काला पुत्र केशुराम एवं धर्मेन्द्र उर्फ विजेन्द्र पुत्र पालेराम निवासीगण ग्राम चोरावाला, थाना ककरौली, जनपद

**दस हजार रुपए का प्रत्येक को अर्थदण्ड**

मुजफ्फरनगर एवं हरजीत उर्फ जीत पुत्र दिनेश निवासी ग्राम जलालपुर नीला, थाना रामराज, जनपद मुजफ्फरनगर ने चोरी की बाइक की नम्बर प्लेट बदल कर उसे बेचने का षडयंत्र रचा। पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद कर ली थी। मुकदमा अपराध संख्या 39/2015 धारा 379, 411, 413, 414 व 420 आईपीसी में पंजीकृत किया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। न्यायालय एडीजे तृतीय ने तीनों अभियुक्तों को सात-सात वर्ष के कारावास एवं दस-दस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

## इज्जत का लुटेरा दिनेश गिरफ्तार



**बिजनौर।** नौकरी दिलाने के नाम पर इज्जत लूटने के आरोप में चांदपुर पुलिस ने थाना हीमपुर दीपा के ग्राम शाहपुर लाल उर्फ लालवाला निवासी दिनेश पुत्र शिवचरण को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अभियुक्त की गिरफ्तारी धारा 61 (1), 115 (2), 351 (3), 123 बीएनएस एवं 67 आईटी एक्ट में की गई है।



















# संदिग्धावस्था में महिला की मौत, मायके वालों ने लगाया जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गुरुवार की शाम लगभग 06 बजे थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव फतेहपुर डाल में एक महिला मेहताब जहां (27) की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुराल वालों पर जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार को यासिर व रिहान निवासी मौहम्मदपुर बाबई अपनी बहन मेहताब जहां के घर ईद की त्योहारी देकर आये थे। लगभग शाम 06 बजे ससुरालियों द्वारा मेहताब जहां की तबीयत खराब होने की सूचना पर बड़ा भाई अरमान व ताऊ असगर फतेहपुरडाल पहुंचे तो घर में मेहताब जहां मृत अवस्था में पड़ी हुई मिली तथा घर के सभी पुरुष फरार थे, घर पर सिर्फ महिलाएं ही मौजूद थीं। थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर बाबई निवासी जफरूद्दीन ने अपनी बेटी मेहताब जहां (27) की शादी कोरोनाकाल के समय थाना कुढ़फतेहगढ़ के



गांव फतेहपुर डाल निवासी शमशाद अहमद के बेटे मुजम्मिल के साथ की थी। मेहताब जहां पर तीन बच्चे हैं जिसमें एक नवजात शिशु अभी डेढ़ माह का है। महिला के पिता शमशाद अहमद ने ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताडिघ्त करने का आरा.ेप लगाया है जिसमें आठ महीने पूर्व ससुराल वालों से नरौली पुलिस चौकी पर समझौता भी हुआ था। गुरुवार की सुबह 10 बजे करीब महताब के दो छोटे भाई यासिर व रिहान ईद की त्योहारी देने गये थे, दोपहर बाद महताब ने हंसी खुशी अपने भाईयों को विदा किया परन्तु शाम 6 बजे करीब बेटी तबियत खराब होने की बात कहते हुए फोन पर सूचना दी। सूचना पर फतेहपुरडाल गांव पहुंचे बड़ा भाई अरमान व ताऊ असगर को घर में मेहताब जहां मृत अवस्था में मिली तथा घर से सभी पुरुष गायब थे केवल महिलाएं ही मौजूद थीं। मायके वालों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भर कर रात्रि में ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ईद को लेकर बाजारों में रही खरीदारों की भीड़

**चन्दौसी।** ईद का त्योहार को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। कपड़ा, जूते-चप्पल, सेवइयां, सूखे मेवे और सजावटी सामान की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। खासकर शाम के समय बाजारों में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है, जिससे मुख्य बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। शहर के प्रमुख बाजारों में दुकानदारों ने ईद को लेकर विशेष तैयारियां की हैं। दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और नए-नए डिजाइनों के कपड़े व अन्य सामान उपलब्ध कराए गए हैं। बच्चों और युवाओं में ईद की खरीदारी को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। वहीं मिठाई और सेवइयों की दुकानों पर भी अच्छी खासी भीड़ नजर आ रही है। लोग अपने घरों में मेहमानों के स्वागत की तैयारियों में जुटे हुए हैं। बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए हैं, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

## एक नजर

### बारिश पड़ते ही रसूलपुर बिजली घर की बिजली गुल, शाम को हुई चालू

**कांठ ( शाह टाइम्स )** बारिश पडते ही रसूलपुर बिजली घर को मिलने वाली 33 हजार की लाइन में फाल्ट हो गया जिससे पूरे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई विभाग के कर्मचारियों ने दिनभर की मसक्कत के बाद शाम को बिजली चालू की मगर इसके बाद एक फेस गायब हो गया जिससे लोगों के घरों में फिर अंधेरा छा गया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत बिजली विभाग से की लेकिन मौसम खराब होने के कारण उसको भी ठीक नहीं किया गया जिसके चलते कुछ लोगों को बिजली मिली और काफी बड़े हिस्से को बिना बिजली के ही रहने को मजबूर होना पड़ा। समाचार लिखे जाने तक काफी हिस्से की बिजली चालू नहीं हो पाई थी।

### द्वादश ज्योर्तिलिंगम दर्शन मेले में मानव रूपी कुंभकरण को जगाने का किया काम




कांठ(शाह टाइम्स) द्वादश ज्योर्तिलिंगम दर्शन मेले के दूसरे दिन कुंभकरण तुल्य सोए हुए मानव को जगाने हेतु। 4:00 बजे से 6:00 तक ज्ञान युक्त 3क शो का आयोजन किया गया एवं नवरात्रि के उपलक्ष में नवदुर्गा झांकी ज्ञान योग पद प्रदर्शनी का दर्शन किया गया 30 फीट का शिवलिंग व 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन हुए द्य राजयोगी ब्र०कुमार बीके शरद भाई ने मेले के उद्देश्यों के बारे में बताया। राजयोगिनी ब्र०कु०प्रभा दीदी, ब्र०कुमारी बीके रीना दीदी, बीके सोना, बीके कीर्ति, बीके सर्वेश, बीके आकांक्षा, ब्र० कुमारी दीपमाला बिश्नोई, ब्र० कुमारी ममता बिश्नोई ब्र0 कुमारी शशि, जगराज जी, विनीत बिश्नोई व अन्य उपस्थित व्यक्तियों ने पहुंच कर परमात्मा शिव का परिचय जाना व झांकियों का आनंद लिया।

### रास्ते से गाड़ी हटाने को लेकर मारपीट महिला ने चार के खिलाफ कराई एफआईआर

कांठ(शाह टाइम्स) रास्ते से गाड़ी हटाने को लेकर कार सवारों ने हमला कर दिया महिला की शिकायत पर पुलिस ने चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। थाना छजलैट के गांव कूड़ा मीरपुर निवासी महिला अपने देवर और सास के साथ रवाना से दवाई लेने जा रही थी आरोप है की हादी पब्लिक स्कूल के सामने पहुंचे तो रास्ते में बेरमपुर निवासी आजम सरफराज अजहरुद्दीन और शोएब गाड़ी लेकर खड़े थे महिला के देवर नदीम में इनसे गाड़ी हटाने को कहा तो अजहरुद्दीन व शोएब ने मारपीट और छेड़छाड़ शुरू कर दी देवर ने विरोध किया तो अजहरुद्दीन और उनके साथियों ने उसके सिर पर धारदार चाकू से बार कर दिया जिसमें वह घायल हो गया गांव के खुर्शीद और नावेद अचानक आए तो यह लोग जान से मारने की धमकी देकर चले गए महिला की शिकायत पर पुलिस ने चारों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### पुलिस की कार्रवाई: शांति व्यवस्था भंग करने पर चार लोग हिरासत में

**मुरादाबाद।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की गई।पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 20 मार्च 2026 को कुल 4 व्यक्तियों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरा.ेप में हिरासत में लिया गया। इन सभी को संबंधित धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 170/126/135 के अंतर्गत की गई है। अधिकारियों ने बताया कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। थानावार कार्रवाई की बात करें तो थाना भगतपुर क्षेत्र से 2 व्यक्तियों और थाना कांठ क्षेत्र से 2 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अशांति फैलाने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद पुलिस की यह कार्रवाई कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### हवाओं के सथ तेज बारिश से किसने की बड़ी चिंता, मौसम हुआ सुहाना

**कुंदरकी।** शुक्रवार को मौसम ने बदली करवट तेज हवाओं के साथ बारिश हुई गेहूं की फसलों को हुआ नुकसान कटे हुए लेटे को भी भारी नुकसान है बताया जा रहा है।

बारिश पढ़ने से कटा हुआ सरसों को भारी नुकसान हुआ है। आलू की खेती को नुकसान बताया जा रहा है किसानों के माथे पर चिंता की लकीर नजर आ रही है उधर बारिश से ठंड का प्रकोप भी बढ़ गया है।

### भगवान झूलेलाल जयंती मनाई जल संरक्षण का दिया संदेश

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में सिंधी समाज के पूजनीय देवता भगवान झूलेलाल (जल देवता) की जयंती सेमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने भगवान झूलेलाल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल चेयरमैन राजेश कुमार ने की, जबकि संचालन ज्योति शर्मा ने



किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कवि माधव मिश्र ने भगवान झूलेलाल के जीवन और उनके संद.शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान झूलेलाल ने वरुण देव के अवतार के रूप में अत्याचारी शासक मिरखशाह से न केवल सिंधी समाज की रक्षा की, बल्कि हिंदू धर्म की भी रक्षा की। उन्होंने कहा कि भगवान झूलेलाल ने समाज को शांति, एकता, भाईचारा और सहिष्णुता का संदेश दिया। मुख्य वक्ता ने जल संरक्षण पर भी जोर देते हुए कहा कि जल ही जीवन है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जल का दुरुपयोग न करें और छोटी-छोटी बचत के माध्यम से भी बड़ा योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर शुद्ध जल की मात्रा सीमित है, इसलिए हमें इसे बचाने के प्रति सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम में भगवान झूलेलाल के जन्म की कथा और उनके विभिन्न नामों दरियालाल, लाल साईं, जिंदा पीर आदि का भी उल्लेख किया गया। बताया गया कि उनका जन्म संवत 1007 में चौत्र शुक्ल द्वितीया को हुआ था, जो सिंधी समाज के नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रामकिशोर अग्रवाल, पंडित सुरेशचंद्र शर्मा, वेदराम मौर्य, गेंदनलाल, वर्षा गर्ग, रजनी वार्ष्णेय, प्रियंका गुप्ता, आरती वार्ष्णेय, खुशबू वार्ष्णेय, योगिता आदि मौजूद रहे।

# बारिश से हो सकता है सरसों और बो चुके गन्ने को नुकसान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र में कल रात से हो रही हल्की वर्षा के कारण अचानक ठंड बढ़ गई है लोगों ने आज गर्म कपड़े भी निकाल लिए स अचानक हुई बारिश के कारण सरसों की फसल को भारी नुकसान होने की खबर है। रात तेज बारिश शुक्रवार को हल्की वर्षा के कारण ठंड बढ़ गई है किसानों ने बताया कि इस बारिश के कारण सरसों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 21 मार्च को भी बारिश के आसार हैं।

इससे अधिकतम तापमान गिरकर 28 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जबकि बीते दिनों यह 33 डिग्री तक था।रात के समय ठंडक बढ़ने से बच्चे व बुजुर्ग स्वेटर पहने नजर आए। लोगों ने पंखे बंद कर हल्की रजाई व कंबल निकाल लिए। मौसम में बदलाव के बीच किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। इस समय गेहूं की फसल में बालियां निकल आई हैं। यदि इस दौरान तेज बारिश और हवा चलती है तो



फसल गिरने का खतरा बना रहेगा, जिससे उत्पादन प्रभावित हो सकता है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले दो दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रह सकता है। 21 मार्च तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहने के कारण बारिश की संभावना जताई गई है। ऐसे में तापमान में और गिरावट आ सकती है। हालांकि तेज वर्षा हुई तो फसलों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। दो-चार दिन पहले बो चुके गन्ने में भी बारिश से जमाव के कम होने की संभावना है।

# ईद-उल-फितर को लेकर पुलिस सतर्क, पाकबड़ा में किया पैदल गश्त व ईदगाह का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आगामी त्यौहार ईद-उल-फितर को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी हाईवे ने कस्बा पाकबड़ा में थाना पाकबड़ा पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की।इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया। साथ ही ईदगाह पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की।

अधिकारियों ने संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी ने स्थानीय लोगों और व्यापारियों से संवाद भी किया तथा उनसे शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे त्योहार को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाएगी, जिससे सभी लोग सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना सकें।

## नवरात्र का दूसरा दिन: मां ब्रह्मचारिणी की आराधना

**चन्दौसी।** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ की गई। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने व्रत रखकर मां ब्रह्मचारिणी का विधि-विधान से पूजन किया और सुख-शांति की कामना की। नवरात्र के अवसर पर शहर के प्रमुख मंदि.रों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सीता रोड स्थित बगिया वाली देवी मंदिर, रायसत्ती मंदिर, मौलागढ़ काली मंदिर, रामबाग धाम स्थित सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर, शीतला माता मंदिर, कंकाली देवी मंदिर और ब्रह्म बाजार के देवी गंगा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। मंदिरों में फूल-मालाओं, रंगीन लाइटों और सजावटी झालरों से भव्य सजावट की गई है। ग्रामीण इलाकों में भी नवरात्र को लेकर खासा उत्साह है। मंदिरों में सुबह-शाम आरती, दुर्गा सप्तशती पाठ, भजन-कीर्तन और जगरातों का आयोजन किया जा रहा है। 'जय माता दी' के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। मां ब्रह्मचारिणी की पूजा से तप, त्याग और संयम की शक्ति प्राप्त होती है। नवरात्र के इन पावन दिनों में सच्चे मन से की गई आराधना से भक्तों की मनोक.मनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। हालांकि शुक्रवार को बारिश के कारण मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या कम रही।

# नारी सुरक्षा से लेकर शिक्षा तक, संगीता भार्गव बनीं समाजसेवा की मिसाल

**चन्दौसी।** समाजसेवा के क्षेत्र में संगीता भार्गव एक ऐसा नाम बन चुकी हैं, जिन्होंने बीते करीब 25 वर्षों में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए लगातार कार्य किया है। स्टेशन रोड निवासी संगीता भार्गव पेशे से एक प्ले स्कूल संचालिका हैं, लेकिन उनकी पहचान एक सक्रिय समाजसेविका के रूप में अधिक है। संगीता भार्गव महिलाओं से जुड़े मामलों में बेझिझक आगे आकर उनकी मदद करती हैं। परिवारों में विवाद होने पर वह काउंसिलिंग के माध्यम से रिश्तों को टूटने से बचाने का प्रयास करती हैं। पिछले लगभग 16 वर्षों में वह पुलिस परिवार परामर्श केंद्र और न्यायालय से जुड़कर 1500 से अधिक परिवारों की काउंसिलिंग कर चुकी हैं, जिससे कई घर बिखरने से बच पाए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है। वर्तमान में वह 45 बालिकाओं की पढ़ाई का पूरा खर्च स्वयं वहन कर रही हैं। इनमें अधिकांश ऐसी बच्चियां हैं, जिनके



सिर से माता-पिता का साया उठ चुका है या परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। इसके साथ ही उनके विद्यालय में कार्यरत लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं ऐसी हैं, जो या तो विधवा हैं या तलाकशुदा। संगीता भार्गव उन्हें रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान कर रही हैं। वह मिशन शक्ति अभियान के तहत पिछले छह वर्षों से महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही हैं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए वह सात वर्षों में एक हजार से अधिक पौधे रोपित कर चुकी हैं। संगीता भार्गव वृद्धाश्रमों में बुजुर्गों की सहायता, दिव्यांगों और ट्रांसजेंडर समुदाय के उत्थान के लिए भी निरंतर प्रयासरत रहती हैं। उनके इन सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा कई बार सम्मानित किया जा चुका है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा भी उन्हें महिला शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है।

# पांच सौ से कम राशन कार्ड वाली दुकानों को किया जाएगा नजदीक वाली दुकान से अटैच

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** प्रदेश में 500 से कम राशन कार्ड वाली उचित दर दुकानों (एफपीएस) का नजदीकी दुकानों में विलय या स्थानांतरण करने की तैयारी हो रही है। भारत सरकार ने इस संबंध में खाद्य एवं रसद विभाग को पत्र भेजा है, जिसमें ऐसी उचित दर दुकानों के पुनर्गठन की सलाह दी गई है। प्रदेश में फिलहाल ऐसी 52,218 दुकानें हैं, जिनसे 500 से कम राशन कार्ड संबद्ध है। मामले में प्रमुख सचिव एवं आयुक्त खाद्य एवं रसद रणवीर प्रसाद ने सभी जिला पूर्ति अधिकारियों को संबंधित दुकानों के विलय, स्थानांतरण या पुनर्गठन करने और इसकी आख्या भेजने के निर्देश दिए हैं। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) पोर्टलों पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर देश भर में प्रत्येक एफपीएस से जुड़े राशन कार्डों की संख्या का विश्लेषण किया है। इसमें सामने आया कि बड़ी संख्या में एफपीएस वर्तमान में 500 से कम राशन कार्डों के साथ काम कर रहे हैं, जिससे वे आर्थिक रूप से अलाभकारी हो गए हैं। खाद्य एवं रसद विभाग को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि राशन कार्ड की संख्या कम होने से एफपीएस के संचालन की स्थिरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जनसंख्या घनत्व, भौगोलिक निकटता और व्यावहारिकता के आधार पर उचित मूल्य दुकानों के युक्तिकरण के लिए कार्रवाई शुरू करने की सलाह दी गई है।

खाद्य एवं रसद आयुक्त की ओर से जिला पूर्ति अधिकारियों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि प्रदेश की नगरीय क्षेत्र की 5137 एफपीएस और ग्रामीण क्षेत्र की 47,081 एफपीएस पर 500 से कम राशन कार्ड सम्बद्ध हैं।

# ईद-उल-फितर को लेकर सुरजन नगर पुलिस सतर्क संदिग्धों पर पैनी नजर

**सुरजन नगर।** आगामी त्योहार ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। त्योहार के मद्देनजर सुरजन नगर चौकी प्रभारी ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करते हुए ईदगाह और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया और पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।श नमाजियो की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए चौकी प्रभारी ने बताया कि ईदगाह स्थल के पास सड़क किनारे विशेष




बैरियर लगाए जाएंगे, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रहे और नमाजियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही, पुलिस बल द्वारा क्षेत्र में आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों की सघन चे.किंग शुरू कर दी गई है। सुरक्षा की दृष्टि से संवे.दनशील स्थानों पर पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है।ईद की नमाज के दौरान बड़ी संख्या में जुटने वाले नमाजियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ईदगाह पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के दौरान घ्राम मोहन शर्मा, नंदकिशोर, विपिन राजपूत, तथा अन्य पुलिस कर्मी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# टिमिट के 17 मेधावी विद्यार्थियों का ट्रेडइंडिया कंपनी में चयन

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट का वर्तमान शैक्षणिक सत्र विद्यार्थियों के लिए अनेक सुनहरे अवसर लेकर आया है। शुरुआत से ही देश की नामी कंपनियाँ कैंपस में आ रही हैं और लगातार हमारे छात्र-छात्राओं को उच्च पैकेज पर अवसर प्रदान कर रही हैं। यह उपलब्धि कॉलेज के उत्तम सिलेबस, अनुभवी फैकल्टी, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और प्लेसमेंट टीम के मजबूत कॉरपोरेट संबंधों का परिणाम है। हाल ही में बहुप्रतिष्ठित कंपनी "ट्रेडइंडिया.कॉम (इन्फोकॉम नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड)" ने टिमिट के होनहार विद्यार्थियों एमबीए के अभिषेक जैन, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद अनस, लवी शर्मा और प्राची यादव व बीबीए के अनुष्का परमार, भूमि जैन, दिव्यांशी भटनागर, गौतम कुमार, गायत्री कुमारी, हर्षिता गुप्ता, कशिश सक्सेना, माणिक चौहान, मोहम्मद जकी, नादिर खुर्शीद, नीतीश कुमार और उज्जवल शर्मा को रिलेशनशिप मैनेजर व असिस्टेंट मैनेजर के पद पर चयनित किया है। चयनित विद्यार्थियों को नोएडा में नियुक्ति प्रदान की गई है। इन छात्रों का चयन कंपनी द्वारा आयोजित ग्रुप डिस्कशन, इंटरव्यू और स्किल असेसमेंट टेस्ट जैसी सख्त प्रक्रिया के बाद हुआ। यह सफलता दर्शाती है कि टिमिट के विद्यार्थी न केवल अकादमिक रूप से सक्षम हैं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान, कम्युनिकेशन स्किल और कॉरपोरेट कल्चर के अनुरूप दक्षता भी रखते हैं। कॉलेज का मानना है कि शिक्षा का असली उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री दिलाना ही नहीं, बल्कि उन्हें करियर के सही मार्ग पर अग्रसर करना है। फैकल्टी द्वारा लगातार मेंटॉरशिप, करियर काउंस.लिंग और इंडस्ट्री-रेडी स्किल ट्रेनिंग ने इन



अभिषेक जैन | मोहम्मद कैफ | मोहम्मद अनस | लवी शर्मा | प्राची यादव
अनुष्का परमार | भूमि जैन | दिव्यांशी भटनागर | गौतम कुमार | गायत्री कुमारी | हर्षिता गुप्ता
कशिश सक्सेना | माणिक चौहान | मोहम्मद जकी | नादिर खुर्शीद | नीतीश कुमार | उज्जवल शर्मा

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस चयन के साथ टिमिट कॉलेज ने एक बार फिर साबित किया है कि यहाँ से निकलने वाले विद्यार्थी कॉरपोरेट जगत में प्रतिस्पर्धा करने और नेतृत्व करने में पूरी तरह सक्षम हैं।

कॉलेज प्रबंधन, फैकल्टी और प्लेसमेंट सेल ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और विश्वास जताया कि वे अपने उज्ज्वल करियर से संस्थान का नाम और रोशन करेंगे। इस अवसर पर संस्थान के डीन-फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि टिमिट छात्रों, कार्पोरेट जगत व अभिभावकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाता रहेगा व गुणवत्ता परक रोजगार परक शिक्षा के लिये हर संभव प्रयास करता रहेगा। टिमिट के छात्र छात्राओं को बेहतरीन प्लेसमेंट प्राप्त होने पर सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की व आशीर्वाद दिया और कहा कि हमारे छात्र-छात्रायें वैश्विक स्तर पर टिमिट, टीएमयू का नाम रोशन करें और नई तकनीक व खोज दुनिया को प्रदान करें। इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के डिप्टी डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर व डायरेक्टर अरुण कुमार ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व विद्यार्थियों को कडी मेहनत व लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का मूलमंत्र प्रदान किया। विद्यार्थियों में बेहतरीन प्लेसमेंट पाकर उत्सव का माहौल है व अभिभावकों की प्रशंसा लगातार मिल रही है।

# सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर की मुबारकबाद

Eid Mubarak
सभी देशवासियों को
ईद उल फितर
की तहे दिल से
दिली मुबारकबाद
आपका खादिम
जुल्फिकार अहमद

SAMBHAL PUBLIC SCHOOL
NEAR SIRSI POWER STATION, BILARI ROAD, SIRSI
ADMISSION OPEN
Nur – 8th
READY TO GIVE A RUNNING START TO YOUR CHILD
Kashif Sir:- 9219250005
Sarwat Sir:- 8630096266
Upto 50% discount on books
No Commission on Transport & Uniform
9760-88-3456
9045-82-5872
www.spssirsi.com
92192-50005

सभी नगर व क्षेत्र वासियों को
ईद-उल-फितर एवं चैत्र नवरात्र
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शराफत हुसैन
मो० अनीस
मो० सलमान
मो० उवैस
मो० अवैस
नज़ाकत हुसैन सलमानी
चेयरमैन प्रत्याशी नगर पंचायत सिरसी
सौजन्य से: सिरसी गैस एजेन्सी, सिरसी- अरहम फिलिंग स्टेशन- व्हाइट हाउस रिसोर्ट सिरसी- रानी एनर्जी पॉइंट

Bahman Public School
Sirsi Sambhal
Admission Open Nur To XI (Sci & Com)
बहमन पब्लिक स्कूल, सिरसी (सम्भल)
Ph.: 05923-223786, 9760960640, 7520051214, 9760036522, 8791567787
Affiliated to C.B.S.E. Delhi (English Medium)
Salient Features :
1. Proper Transport Facility
2. Advance Computer Lab with Wi-Fi
3. NCC Facility
4. Recreation Facility For Kids
5. Sports Facility with Playground
6. Well Qualified English Spoken Trained Teachers Facility
7. CCTV Covered Campus
8. RO Water Supply
9. Smart Classes
10. Furnished And Large Class Rooms
पताः– सम्भल मुरादाबाद रोड सिरसी जि० सम्भल

सभी कांठ क्षेत्रवासियोंएवं देशवासियों को ईद उल फितर की तहे दिल से दिली मुबारकबाद
Eid MUBARAK
नईम सैफी
समाज सेवी कांठ जनपद (मुरादाबाद)

भारतीय सद्भावना मंच
गौ प्रकोष्ठ
Eid MUBARAK
ईद एवं नवरात्र
की हार्दिक बधाई
नुसरत इलाही (जामई)
राष्ट्रीय संयोजक

समस्त क्षेत्रवासियों को ईद उल फितर की
दिली मुबारकबाद
अशोक कुमार पाल
सरोज देवी
निवेदकः सरोज देवी राशन डीलर
ग्राम मुख्त्यारपुर नवादा कांठ (मुरादाबाद)

इण्डिया फ्रोज़न फूड
भूड़ा बेग़मपुर चिमयावली
हाजी इरफान कुरैशी
हाजी रिजवान कुरैशी
हाजी एहतेशाम कुरैशी
मो० रेहान कुरैशी
Eid MUBARAK
सभी देश वासियों एवं जनपद वासियों तथा क्षेत्र वासियों को ईद की दिली मुबारकबाद
हाजी इमरान कुरैशी
समाजसेवी
सौजन्य से:-इण्डिया फ्रोज़न फूड भूड़ा बेग़मपुर चिमयावली मुरादाबाद मार्ग सम्भल

रईस इलैक्ट्रानिक्स की ओर से सभी क्षेत्रवासियो एवं देशवासियों को ईद उल फितर की तहे दिल से
दिली मुबारकबाद
पताः निकट मदीना मस्जिद बस स्टैण्ड बिलारी

आप सभी क्षेत्रवासियों को
पल्स मेडिकल सेन्टर की ओर से ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
डॉ० मो० वसीम
M.B.B.S., M.D., Physician
आसिफ रज़ा
(डायरेक्टर)
डॉक्टर्स कालौनी, मुरादाबाद रोड, सम्भल

नगर पंचायत सिरसी की ओर से कस्बे वासियों को ईद-उल फित्रर एवं चैत्र नवरात्र की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
अपील
-नगर को स्वच्छ रखने में नगर पंचायत का सहयोग करें
-कूड़ा नियत स्थान पर ही डालें।
-करों की अदायगी समय से करें।
-उपयोग के बाद पानी की टोंटी को बंद कर दें।
-पॉलिथीन का प्रयोग न करें।
-सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करें।
-जन्म मृत्यु का पंजीकरण अवश्य करायें।
-अपने हरे-भरे जीवन हेतु एक पेड़ अवश्य लगायें।
विकास चन्द्र
डिप्टी कलेक्टर/अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सिरसी
जिला सम्भल
कौसर अब्बास
अध्यक्ष

ईद-उल-फितर की
दिली मुबारकबाद
हाजी राशिद
ठेकेदार

SILVENJA HOSPITAL PVT- LTD
A MULTI SPECIALITY HOSPITAL
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
हाजी इसरार खां
चेयरमैन
24/7 Doctor Available
सिल्वेंजा हॉस्पिटल भूरे शाह रोड देहली दरवाज़ा सम्भल

## मां ब्रह्मचारिणी की पूजा से गूंजे मंदिरों उमड़ा सैलाब माता के जयकारे के साथ श्रद्धालुओं ने मांगी सुख-समृद्धि

**ठाकुरद्वारा।** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना एवं आराधना से हुई। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं और पूरा वातावरण भक्ति व श्रद्धा से सराबोर हो गया। मां ब्रह्मचारिणी नवरात्रि के दूसरे दिन पूजी जाने वाली दुर्गा जी का दूसरा स्वरूप हैं, जो तपस्या, ज्ञान और वैराग्य का प्रतीक हैं। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मंदिरों में दिनभर जय माता दी के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। नगर के प्रमुख मंदिरों-सनातन धर्म हिन्दू इंटर कॉलेज के निकट स्थित दुर्गा मंदिर, खाकेश्वर मंदिर, श्री शिव धाम पंचशील मंदिर पिपल टोला, होली चौराहा स्थित शिव मंदिर, कैनाल कॉलोनी शिव मंदिर, वैश्य समाज गली स्थित दुर्गा मंदिर, जाटवान मोहल्ला का दुर्गा मंदिर, 84 घंटा मंदिर और कायस्थान मंदिर सहित रामनगर खागूवाला, मैसूवाला, मानवाला, रूपपुर टंडौला, पृथ्वीपुर गांवड़ी, गोप. ीवाला, पीलकपुर गुमानी, कालाझांडा, कमालपुरी खालसा, कुंआखेड़ा, पानूवाला, राजीपुर, शरीफनगर, भायपुर सहित अन्य सभी ग्रामों के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना की। शाम के समय मंदिरों में विशेष भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और माता के भजनों से माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया।

## अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाजियों ने मांगी रहमत व बरकत की दुआ

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में अलविदा जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों ने ईद उल फितर पर होने वाली सामूहिक नमाज को भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दिन सामूहिक नमाज के जरिए नमाजियों ने पिछले गुनाहों की माफी, इबादत की कबूलियत और अल्लाह से रहमत व बरकत की दुआ मांगी, जिसे बेहद फलदायी माना जाता है।

अलविदा जुमे की नमाज क्षेत्र की सभी मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई। नगर की जामा मस्जिद, फिरदोस मस्जिद, मस्जिद छिपीयान, मस्जिद कुरैशियान सहित क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला, शरीफनगर, फरीदनगर, पान. ूवाला, गोपीवाला, रतूपुरा व अन्य गांवों की मस्जिदों में अलविदा जुम्मे की नमाज पढ़ी गई। सुरक्षा के दृष्टिगत कोतवाली निरीक्षक मनोज परमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक रजत चौधरी, ओमपाल सिंह, कांस्टेबल निशांत कुमार सहित पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने प्रत्येक मस्जिद का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नमाज के बाद नमाजियों के बाहर निकलने पर बड़े वाहनों को रोक दिया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## आईएफटीएम के स्कूल ऑफ बायो टेक्नोलॉजी में हुआ 'पेरेंट्स-मेंटर मीट' का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजदउ ी द्वारा मेंटरिंग एंड काउन्सलिंग सेल के सहयोग से "पेरेंट्स-मेंटर मीट" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। पेरेंट्स-मेंटर मीट के दौरान स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को उनके वार्डस् की शैक्षणिक प्रगति के बारे में सविस्तार जानकरी देते हुए वार्डस् की प्रगति के संदर्भ में सुझाव भी साझा किए।

इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. तंजील अहमद ने सभी अभिभावकों को बधाई देते हुए इन मीट्स में उनकी भागीदारी हेतु उनका उत्साहवर्धन किया। डॉ. अहमद ने जानकारी दी कि स्कूल में अभिभावकों के साथ निरंतर बैठकों का आयोजन किया जाता है, ताकि छात्र-छात्राओं के अभिभावक अपने वार्डस् की वर्तमान व वास्तविक शैक्षिक प्रगति और अन्य गतिविधियों से अवगत हो सकें। उन्होंने बताया कि अभिभावकों की नियमित बैठक से छात्र-छात्राएं अनुशासित रहते हैं और अध्ययन के साथ-साथ कौशलवृद्धि भी करते हैं। साथ ही डॉ. अहमद ने यह भी बताया कि "पेरेंट्स-मेंटर मीट" के दौरान अभिभावकों से सुझाव भी आमंत्रित किए जाते हैं तथा उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर क्रियान्वयन भी किया जाता है। कार्यक्रम में स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की शिक्षिका डॉ. राशि श्रीवास्तव आयोजन सचिव एवं सुश्री कंचन लखेरा सह-संयोजिका रही। स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. स्वपन कुमार श्रीवास्तव कार्यक्रम के आयोजन सचिव रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. श्रीवास्तव ने सभी अभिभावकों के प्रति मीट में उनकी उपस्थिति हेतु आभार प्रकट किया। इस मीट में लगभग 55 छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने भाग लिया।

## विश्व गौरैया दिवस व हिंदू नववर्ष पर गोष्ठी संरक्षण पर दिया जोर

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी सहेली द्वारा शुक्रवार को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विश्व गौरैया दिवस एवं हिंदू नववर्ष के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने गौरैया पक्षी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पक्षी पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। गौरैया कीड़े-मकोड़ों को खाकर फसलों और मानव जीवन की रक्षा करती है, लेकिन वर्तमान समय में यह पक्षी तेजी से लुप्त होती जा रही है। गोष्ठी में बताया गया कि पेड़ों की लगातार कटाई और मोबाइल टावरों से निकलने वाली रेडिएशन गौरैया के अस्तित्व के लिए खतरा बनती जा रही है। वक्ताओं ने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में गौरैया के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करें तथा पेड़-पौधे लगाकर इनके संरक्षण में सहयोग करें। इसके साथ ही हिंदू नववर्ष को पारंपरिक और सांस्कृतिक तरीके से मनाने पर भी जोर दिया गया। वक्ताओं ने बताया कि चौत्र माह से शुरू होने वाला हिंदू नववर्ष भारतीय संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक व पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के निर्वहन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर राजेश्वरी श्रीवास्तव, अंजू राजपूत, सीमा वर्मा, रीता बुधियाल, अनुराधा, ऊषा अग्रवाल, चंचल गोयल, नीता, दीप्ति दुबे, सरोज शर्मा, कंचन बाला, सरोज वार्ष्णेय, रेनू अग्रवाल आदि मौजूद रही।

# रिमझिम बारिश के बीच अलविदा जुमे पर जामा मस्जिद में अदा हुई नमाज



**मुरादाबाद।** थाना मुगलपुरा क्षेत्र स्थित जामा मस्जिद मुरादाबाद में जुम्मा अलविदा की नमाज शुक्रवार को शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। रिमझिम बारिश के बीच भी नमाजियों की भारी भीड़ देखने को मिली। मौसम खराब होने के कारण अधिकतर नमाजी मस्जिद के अंदर ही नमाज अदा करते नजर आए।नमाज मुफ्ती सैयद फहद अली ने अदा कराई। इस अवसर पर हकीम सैयद मासूम अली आजाद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। नमाज के दौरान मस्जिद में व्यवस्था सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे, जिससे किसी को असुविधा न हो। नमाज के बाद देश में अमन-शांति, तरक्की और भाईचारे के लिए विशेष दुआ की गई। जुम्मा अलविदा के मौके पर लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद भी दी और आपसी सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया।इस दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया।

अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी रखी गई, जिससे पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सका। प्रशासन ने भी लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।जानकारी के अनुसार, ईद-उल-फितर की नमाज सुबह 8 बजे ईदगाह में अदा की जाएगी, जिसके लिए प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

## तेज बारिश में भी सड़कों पर उतरे नगर आयुक्त

**मुरादाबाद।** शहर में ईद की तैयारियों के बीच अचानक हुई तेज बारिश ने नगर निगम की व्यवस्थाओं की पोल खोलने का खतरा पैदा कर दिया। कई स्थानों पर जलभराव की आशंका को देखते हुए नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बिना देर किए हालात का खुद निरीक्षण करने का निर्णय लिया और बारिश के बीच ही टीम के साथ सड़कों पर उतर आए।

नगर आयुक्त ने सबसे पहले ईदगाह पहुंचकर वहां की साफ-सफाई और जलनिकासी व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से नमाज के दौरान आने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में जलभराव न होने पाए और लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके बाद उन्होंने जामा मस्जिद क्षेत्र का दौरा किया और वहां की नालियों, सड़कों और आसपास के इलाकों की स्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने नवरात्रि के मद्देनजर मंदिरों की व्यवस्थाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने शहर के प्रमुख काली मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। मंदिर परिसर की सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'बर्ड हाउस मेकिंग प्रतियोगिता' का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा "विश्व गौरैया दिवस 2026" के अवसर पर गौरैयों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से "बर्ड हाउस मेकिंग प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल ऑफ साइंसेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस.डी. शर्मा ने किया। प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ साइंसेज के विभिन्न विभागों के 20 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और मेहनत का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने प्राकृतिक मेटिरियल जैसे-सूखी घास, टहनियाँ, पत्तियाँ, रूई, जूट और कार्डबोर्ड जैसी पर्यावरण अनुकूल सामग्री से सुंदर घोंसले तैयार किए। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर एम.एससी., जूलॉजी, द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं भूमि जौहरी एवं सिदरा शहजाद ने प्रथम, एम.एससी. जूलॉजी द्वितीय सेमेस्टर के मो. कासिम ने द्वितीय एवं बी.एससी, चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा बिबांसी चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। घोंसलों का आंकलन रचनात्मकता, डिजाइन, प्राकृतिक सामग्री के उपयोग और मजबूती के आधार पर किया गया। स्कूल ऑफ साइंसेज के डॉ. अतानु नाग, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. संजना तिवारी, डॉ. तृप्ति पाण्डेय एवं डॉ. रिद्धि गर्ग निर्णायक मंडल के सदस्य इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा गौरैयों के लिए बनाए गए घोंसलों की सराहना करते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयास जैसे कि पक्षियों के लिए घोंसले बनाना तथा उन्हें भोजन एवं पानी उपलब्ध कराना, गौरैयों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजक व विभागाध्यक्ष डॉ. स्मिता ज्योति, सह-संयोजक डॉ. अंशुल श्रीवास्तव और आयोजन सचिव डॉ. प्रशंसा बछवान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा डॉ. सूर्य प्रकाश पांडेय, डॉ. विवेक कुमार और सुश्री कृति मित्तल ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

## भूडी चौराहे के निकट वर्षा से सड़क पर फैली खनन की मिट्टी बनी दलदल

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में बिलारी-आसफपुर रोड़ पर तथा नियाज मौहम्मद डिग्री कालेज जाने वाले मार्ग पर भूडी चौराहे के निकट रोड पर जमी मिट्टी शुक्रवार को हुई बरसात में भीग कर दलदल बन गई जिससे बाइक सवार व पैदल राहगीरों का निकलना दुश्वार हो गया है। अनेकों बाइकें रोड़ पर फैली मिट्टी में फिसल कर गिर गईं। चार पहिया वाहन व बड़े वाहन भी रोड़ बने दलदल में रेंग-रेंग कर निकले। कई बाइकें रास्ते में बने दलदल में फिसलकर गिरीं। भूडी चौराहे के निकट सम्भल जनपद की सीमा क्षेत्र से खनन माफिया मिट्टी खनन करके बदायूं जनपद की सीमा क्षेत्र में ईंट भट्टों तथा अन्य स्थानों पर ले जाते हैं। ट्रैक्टर ट्राली में ओवरलोड भरी मिट्टी रोड़ पर गिरती हुई जाती है। रोड़ पर फैली वही मिट्टी वर्षा होने भीगकर दलदल बन गई जिससे पैदल राहगीरों व बाइक सवारों का निकलना दुश्वार हो गया। अनेकों बाइकें फिसल कर गिरीं। बता दें कि भूडी चौराहा दो जनपदों बदायूं व सम्भल की सीमा में आता है यहां दोनों जिलों के सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है। यहां से बदायूं, शाहबाद, रामपुर, बिलारी मुरादाबाद की ओर जाने वाले यात्री गुजरते हैं। बदायूं जनपद सीमा में स्थित भूडी चौराहे के निकट संचा. लित ईंट भट्टों पर सम्भल जनपद की सीमा क्षेत्र से टैक्टर ट्राली द्वारा खनन करके मिट्टी ले जाते समय मार्ग में गिरी हुई मिट्टी बरसात के पानी से दलदल बन गई और मार्ग पर फिसलन होने से राहगीरों का निकलना दुश्वार हो गया है।

### एक नजर

## ठाकुर रामवीर सिंह ने क्षेत्र में प्रेम और भाईचारे की मिसाल पेश की, होली मिलन के साथ इफ्तार में हुए शामिल



**मुंडापांडे।** क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने शुक्रवार को श्आपका विधायक आपके द्वारश अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जहाँ एक ओर ग्रामीणों के साथ होली की खुशियाँ साझा कीं, वहीं दूसरी ओर रोजा इफ्तार में शिरकत कर सामाजिक सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब का संदेश दिया,जनसमस्याओं के निस्तारण का दिया भरोसा,विधायक ने ग्राम पंचायत सिरसखेड़ा, नरखेड़ा, गो. विंदपुर खुर्द, मिलक बूजपूर आशा, खड़कपुर जगतपुर एवं वीरपुरथान में आयोजित श्होली मिलन समारोहश में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं को सुना। ठाकुर रामवीर सिंह ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए और जनता को आश्वस्त किया कि क्षेत्र का विकास ही उनकी प्राथमिकता है।

इफ्तार में मांगी अमन-चौन की दुआ,होली मिलन कार्यक्रमों के उपरांत विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ग्राम पंचायत दलपतपुर नजर अली प्रधान के आवास पर पहुंचे, जहाँ उन्होंने रोजा इफ्तार में शिरकत की। रोजेदारों के साथ इफ्तार करते हुए उन्होंने कहा कि कुंदरकी की धरती हमेशा से आपसी प्रेम और भाईचारे की गवाह रही है। उन्होंने कहा, ष्त्योहार कोई भी हो, वह हमें साथ मिलकर रहने की प्रेरणा देता है,एकता और सद्भाव पर जोर,विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि ष्आपका विधायक आपके द्वारष कार्यक्रम का उद्देश्य जनता और जनप्रतिनिधि के बीच की दूरी को खत्म करना है। उन्होंने सभी को होली की बधाई देते हुए क्षेत्र में शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामवासी और क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## ईद को लेकर अधिकारियों ने ईदगाह का किया मुआयना

**बिलारी।** ईद उल फितर आज बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई जाएगी, इसको लेकर एक दिन पूर्व अधिकारियों ने धार्मिक स्थलों का मुआयना किया।

बिलारी तहसील क्षेत्र के अधिकांश स्थानों पर पहुंचकर नमाज पढ़ने की स्थिति को जाना, भारी बरसात के बीच एसडीएम विनय कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह आदि नगर व देहात क्षेत्र में घूमें। फोर्स के साथ उन्होंने अलविदा जुम्मा के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया। वहीं आगामी ईद के त्यौहार की स्थिति को भी जाना। नगर में फ्लैग मार्च करके सुरक्षा व्यवस्था को निरीक्षण करके धार्मिक स्थलों को चेक किया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा थाना क्षेत्र के मुताबिक तैनात मजिस्ट्रेटो से भी जानकारी ली। सभी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा ईद को लेकर लोगों ने जमकर खरीदारी की। मिष्ठान की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई ।वहीं लोगों ने जमकर नए कपड़ों की खरीदारी भी की।



## ब्राह्मण महिला सभा की नई कार्य कारिणी का गठन, रानी शर्मा बनीं अध्यक्ष

**चन्दौसी।** ब्राह्मण महिला सभा के तत्वाधान में शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित ए.बी.सी. मोंटेसोरी स्कूल में मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें संयोजिका संगीता भार्गव और महामंत्री रंजना शर्मा के द्वारा, पूर्व अध्यक्ष उर्मिला शर्मा के तथा सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा ब्राह्मण सभा महिला की नयी कार्यकारिणी का चुनाव किया गया जिसमें अध्यक्ष के पद पर रानी शर्मा, सचिव नीलम राय और कोषाध्यक्ष के पद पर अंशु नागर को नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष के पद पर सुधा शर्मा और सुनीता शर्मा का चुनाव किया गया। सभी को पटका पहनाकर और फूल मालाएं पहनाकर आने वाली नयी कार्यकारिणी का स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी ने मिलकर आने वाले कार्यक्रम की योजना बनायीं और बाद मे सभी जलपान का आनंद लिया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष उर्मिला शर्मा, आशा सारस्वत, सुमन मिश्रा, रानी शर्मा, नीलम राय, शालिनी शर्मा, अंशु नागर, सुधा शर्मा, सुनीता शर्मा, साधना पाठक, सपना शर्मा, माधुरी शर्मा, शिप्रा शर्मा आदि उपस्थित रहे।



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 326-DRM-MB-25-26 Date - 16.03.2026 | 328-DRM-MB-25-26 Date - 16.03.2026 |
| --- | --- | --- |
| कार्य का नाम | Lubrication of curves using contractor's own track based Rail Gauge Face Lubricator (Electronic Type) - 33 nos in the jurisdiction of Sr.DEN/IV/MB. | Construction of 5 rooms (2-bed/room) with attached toilet and washroom at existing R/Room at HPU and Upgradation of HPU Lobby, R/Room NBD. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 16.04.2026 | 16.04.2026 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 5,30,64,570.90 | 1,41,55,688 62 |
| धरोहर राशि | 4,15,300.00 | 2,83,200 00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 60 माह | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 02.04.2026 | 02.04.2026 |

टेंडर नं. Sr.DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक- 20.03.2026 971/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता /मुख्यालय/ मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 317-DRM-MB-25-26 dt. 19.03.2026 | 332-DRM-MB-25-26 dt. 19.03.2026 | 333-DRM-MB-25-26 dt. 19.03.2026 |
| --- | --- | --- | --- |
| Name of work | Construction of drains in yards at MB, CH, DUB, KEG, BTG, RGB, RJK or at any other locations and Standardization of sand hump in yards at CH, SSKA, DUB, KEG, BTG, KD, GTF or at any other locations in connection with Improvement of MB, CH, SSKA, MCV, KD, RJK, JRJ, GTF, SHTS, AFR, DUB, KEG, AO, BJ, DN, BTG, RGB, AUR yards under Sr. DEN/HQ/MB. | Provision of 225 Kl RCC OHT in lieu of old dilapidated steel tank along with pump house to cope-up with emergencies & replacement of damaged/ wornout pipe lines and fittings in South colony, HRH and RG under Sr.DEN/HQ/MB. | Construction of crew & train manager lobby at chandausi station and provision of 4 nos smart class rooms and beautification of gate no 3 in ZRTI campus in the section of SSE/W/CH under ADEN/CH. |
| Tender Closing Date Time | 15.04.2026 | 15.04.2026 | 15.04.2026 |
| Advertised Value (Rs.) | 4,34,95,819.36 | 4,36,03,248.61 | 1,72,86,879.12 |
| Earnest Money (Rs.) | 8,70,000.00 | 8,72,100.00 | 3,45,800.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| Biding Start Date | 01.04.2026 | 01.04.2026 | 01.04.2026 |
| Period of Completion | 06 Months | 06 Months | 06 Months |

No. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 19.03.2026 953/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, जोया (अमरोहा)**

पत्रांक: 3165/विधायक निधि/निविदा/2025-26 दिनांक: 20.03.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी जोया में विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु टेण्डर (निविदा) दिनांक 20.03.2026 से दिनांक 06.04.2026 की दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो तद्दिनांक 06.04.2026 को समय 03.00 बजे से विकास खण्ड जोया के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा खोली जानी प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य का प्रकार | BOQकी धनराशि (रू. में) | प्राक्कलन की कुल धनराशि | धरोहर धनरा. शि (रू. में) 10%की एफडीआर | निविदा प्रपत्र मूल्य रू | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभ्युक्ति |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | ग्राम जिवाई में तिराहे पर शबीला के मकान से लाल के मकान की ओर। | सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 929335.50 | 1096600.00 | 93000 | 1000 | 90 दिवस | ई-टेण्डर |
| 2 | ग्राम फरीदपुर अफजलपुर साजिद के मकान से मेन रोड तक। | सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 617698.85 | 728900.00 | 62000 | 700 | 90 दिवस | मैनुअल |
| 3 | ग्राम दरियापुर में गंगदासपुर वाली सड़क से अतीक के मकान तक। | सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 358400.00 | 422900.00 | 36000 | 400 | 90 दिवस | ई-टेण्डर |
| 4 | ग्राम नीलीखेड़ी में हकीम आरिफ के मकान से कब्रिस्तान तक। | सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 958361.70 | 1130900.00 | 96000 | 1000 | 90 दिवस | ई-टेण्डर |
| 5 | ग्राम मूण्ढा इम्मा में राबुल के मकान से शमीम के मकान तक। | सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 443941.90 | 523900.00 | 45000 | 500 | 90 दिवस | ई-टेण्डर |

**नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।**

खण्ड विकास अधिकारी
जोया (अमरोहा)

## नगरपालिका के आदेश पर फर्म ने हटाए बाइस आउटसोर्सिंग सफाईकर्मचारी

**चन्दौसी।** नगरपालिका चन्दौसी में कार्यरत आउटसोर्सिंग सफाईकर्मचारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 कर्मचारियों को सेवा से हटा दिया गया है। यह कार्रवाई संबंधित फर्म सिंह एक्सपर्ट सर्विसेज, शाहजहांपुर द्वारा नगरपालिका के आदेश पर की गई है। फर्म द्वारा जारी नोटिस में बताया गया कि जिन कर्मचारियों को हटाया गया है, वे अपने कार्य के प्रति लापरवाह थे और निर्धारित दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर रहे थे। इसी के चलते उन्हें तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया गया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि नगर में साफ-सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए हटाए गए कर्मचारियों के स्थान पर नए श्रमिकों की नियुक्ति कर दी गई है। ताकि दैनिक सफाई कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। इस कार्रवाई के बाद सफाईकर्मियों में चर्चा का माहौल बना हुआ है। वहीं नगरपालिका प्रशासन का कहना है कि कार्य में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाते रहेंगे।

**कार्यालय नगर पंचायत कांठ जनपद-मुरादाबाद।**

पत्रांक:- 949/न०प० कांठ / 26 दिनांक:- 20.03.2026

**ई-निविदा/दर/आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण/पंजीकृत विक्रेताओं /सप्लायर्स आदि को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कांठ द्वारा संचालित कान्हा पशु आश्रय गौशाला में संरक्षित निराश्रित गौवंश के भरण-पोषण हेतु वर्ष 2026-27 में गेहूं भूसा, हरा चारा, साइलेज, खल गोली पशु आहार चौकर मिनरल मिक्चर नमक गुड आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दिनॉक 28.03.2026 दोपहर 01:00 बजे तक ई निविदा के माध्यम से दरो का आमंत्रण किया जाता है। उक्त सामग्री की आपूर्ति की दरों/निविदा दिनांक 28.03.2026 को 02:00 PM बजे कार्यालय नगर पंचायत कॉठ में उपस्थित /अनुपस्थित ई निविदादाताओं /प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निर्धारित दिनांक को अवकाश की स्थिति में अगले कार्यदिवस में पूर्व निर्धारित समय पर खोली जायेगी। निविदा आमंत्रणकर्ता को आई टी बी के क्लॉज 10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह की जाती है कि वह नियमित रूप से ई निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिये कृपया वेबसाईट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें। अन्य नियमो व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी www.npkanth.in एंव बेबसाइट https://etender. Up .nic.in पर अपलोड कर दी गई है तथा किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत कॉठ से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | निविदा शुल्क | धरोहर राशि |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | नगर पंचायत कांठ जनपद-मुरादाबाद द्वारा संचालित ग्राम गोविन्दपुर ज्ञानपुर अवस्थित कान्हा गौशाला में संरक्षित निराश्रित गोवंश के भरण पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में गेहू भूसा हरा चारा, खल गोली पशु आहार, चौकर, साईलेज नमक गुड मिनरल मिक्चर आदि सामान की आपूर्ति कार्य हेतु दरों का आमंत्रण | 500+90 (जीएसटी)=590/ | रू0 10000/- |
| 2 | नगर पंचायत कांठ में वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्माण कार्य आदि को कराने बाबत ठेकेदारों के पंजीकरण / नवीनीकरण कराने हेतु सर्वसाधारण/पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म आदि दिनॉक 25.04.2026 तक संगत अभिलेखों यथा हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी०एस०टी० पंजीकरण, पेन कार्ड, आधार कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र, बिड कैपिसिटी प्रमाण पत्र श्रम विभाग का पंजीकरण ई०पी०एफ० कोड प्रमाण पत्र, नागर निकायों में कार्यरत कर्मचारियों, अधिकारियों के सम्बन्धी न होने का शपथ पत्र, बार काउन्सिल का सदस्य न होने का शपथ पत्र के साथ कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। अन्य शर्ते एंव जानकारी कार्यायल से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। | | |

**( रामेश्वर दयाल )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कॉठ मुरादाबाद।**


**( इकबाल आलम )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कॉठ मुरादाबाद**

# ईद उल फितर की सभी को मुबारकबाद



ईद उल फितर की हर दिल अजीज अवाम, तमाम रोजेदारों, मतदाताओं, सपा के ईमानदार कार्यकर्ताओं व सम्मानित समर्थकों को

## मुबारकबाद







## हाजी नईमुल हसन

पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक, समाजवादी पार्टी
निवास-स्योहारा, जनपद बिजनौर



ईद उल फितर की अवाम, धामपुर विधानसभा क्षेत्र के हरदिल अजीज वोटरों एवं आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को


## मुबारकबाद





## जावेद अली

जिला संगठन मंत्री व धामपुर विधानसभा क्षेत्र से भावी प्रत्याशी, आजाद समाज पार्टी, जनपद-बिजनौर



ईद उल फितर की अवाम व तमाम हमदर्दों को

## दिली मुबारकबाद







## अजमल उमर एड.

वरिष्ठ समाजसेवी व पूर्व प्रत्याशी
चेयरमैन पद- भारतीय जनता पार्टी
नगर पंचायत मण्डावर, जनपद बिजनौर



ईद उल फितर की अवाम, बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के हरदिल अजीज वोटरों एवं आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को

## मुबारकबाद





## मौलाना अतीकुर्रहमान कासमी

मंडल प्रभारी- मुस्लिम भाईचारा समिति, आसपा
संभावित प्रत्याशी- बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र